

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अनंत अंबानी स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 345 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

**मुंबईः महाराष्ट्र** में महायुति की सरकार बनने के बाद आखिरकार मंत्रालयों के बंटवारे पर सहमति बन गई। रविवार को नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्रीमंडल का विस्तार किया गया। शाम चार बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नागपुर में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार मंच पर मौजूद रहे।

# फेल है नेहरू मॉडलः एस जयशंकर

● हम 10 साल से सुधारने की कर रहे कोशिश', जयशंकर ने पंडित नेहरू की विदेश नीति पर उठाए सवाल

**कसा तंज**

▶▶ नेहरू विकास मॉडल से अनिवार्य रूप से नेहरू विदेश नीति पैदा होती है और हम विदेशों में इसे सुधारना चाहते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री की नीतियों पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि नेहरू विकास मॉडल से अनिवार्य रूप से नेहरू विदेश नीति पैदा होती है और 'हम विदेशों में इसे सुधारना चाहते हैं, ठीक उसी तरह जैसे घरेलू स्तर पर इस मॉडल के नतीजों को सुधारने की कोशिश की जा रही है।'नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की पुस्तक 'द नेहरू डेवलपमेंट मॉडल' के विमोचन के अवसर पर जयशंकर ने संबोधन के दौरान ये बातें कही हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मॉडल और इसके साथ जुड़ी कथा हमारी राजनीति, नौकरशाही, योजना प्रणाली, न्यायपालिका, मीडिया सहित सार्वजनिक स्थान और सबसे बढ़कर शिक्षण में प्रभावित है।

**जयशंकर ने रूस और चीन पर दिया बयान**

जयशंकर ने ये भी कहा कि रूस और चीन दोनों आज उस काल की आर्थिक धारणाओं को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं, जिसे प्रचारित करने के लिए उन्होंने कहीं अधिक काम किया। फिर भी, ये मान्यताएं आज भी हमारे देश के प्रभावशाली वर्गों में जीवित दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से 2014 के बाद, पाठ्यक्रम में सुधार की दिशा में जोरदार प्रयास किया गया है, लेकिन लेखक अच्छे कारणों से दावा करते हैं कि यह अभी भी एक कठिन काम बना हुआ है।' अपने संबोधन में, मंत्री ने आगे कहा, 'नेहरू विकास मॉडल ने अनिवार्य रूप से एक नेहरू विदेश नीति का निर्माण किया।

### नतीजों को सुधारने की कोशिश की जा रहीः जयशंकर

**हम** विदेश में इसे ठीक करना चाहते हैं, जैसे हम घर पर मॉडल के परिणामों को सुधारने का प्रयास करते हैं।' उन्होंने कहा कि एक विचार का विरोध दूसरे से जुड़ाव पर आधारित होता है, और इन दोनों को एक साथ देखा जाना चाहिए।

**1947 के बयान का किया जिक्र**

विदेश मंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत भारत की आजादी पर एक अमेरिकी नीति निर्धारक की प्रसिद्ध पंक्ति को उद्धृत करते हुए की। इस मौके पर जयशंकर ने अमेरिकी नीति निर्माताजॉन फोस्टर डलेस का 1947 के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि वे समय की सरकार को वह अधिक गलत नहीं कर सकते थे, लेकिन यह एक दावा था जिसे दशकों तक अमेरिकी नीति निर्माताओं ने सही माना।



सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## प्रदूषणः ग्रैप-2 के नियम होंगे सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली-एनसीआर में सर्दी के समय में वायु प्रदूषण को नियंत्रण करने को लेकर केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) सख्त है। ऐसे में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) में संशोधन किया है। अब ग्रेप में चरण तीन और चार के तहत कुछ प्रतिबंधों को चरण दो और तीन में शामिल किया है। ऐसे में ग्रैप दो और तीन को और सख्त बना दिया है। एनसीआर से आने वाली इंटरस्टेट बसों को दिल्ली में नहीं आने दिया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसों, सीएनजी बसों और बीएस-6 डीजल बसों को इसमें छूट दी



गई है। साथ ही, ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बसों, टेम्पो ट्रैवलर को भी छूट दी गई है। वहीं, सार्वजनिक परिवहन को मेट्रो व बसों के फेरों को बढ़ाना होगा। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को सुरक्षा स्टाफ को हीटर उपलब्ध कराना होगा। यही नहीं, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 401 से 450 पहुंचेगा तब ग्रैप तीन लागू होते ही दिल्ली के आसपास के अन्य राज्यों से केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक, बीएस-6 वाहनों को एंट्री की इजाजत मिलेगी। इसमें बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार की चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, इसमें दिव्यांग लोगों को छूट मिलेगी।

**नियंत्रण**

▶▶ अब ग्रेप में चरण तीन और चार के तहत कुछ प्रतिबंधों को चरण दो और तीन में शामिल किया

## प्रदान की जा रही गुणवत्तायुक्त सुविधाएंः सीएम

### क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप लोहारघाट में उप-तहसील खोलने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोलनः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित सभी क्षेत्रों में जन-जन को गुणवत्तायुक्त सुविधाएं प्रदान करना वर्तमान प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र की दूर-दराज ग्राम पंचायत क्यार कनैता के लोहारघाट में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप लोहारघाट में उप-तहसील खोलने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा व



स्वास्थ्य जैसे प्राथमिक क्षेत्रों में अधोसंरचनात्मक एवं अन्य सुधार किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सभी विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आगामी तीन वर्षों में प्रदेश में विद्यालय भवनों के निर्माण पर 600 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं जिला अस्पताल स्तर पर अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है और आधुनिक तकनीक के समावेश से सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

**विकास पर बल**

▶▶ गुणवत्तायुक्त सुविधाएं प्रदान करना प्रदेश सरकार का लक्ष्यः मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

## हम संसद में चर्चा के लिए तैयारः डेरेक

**नई दिल्लीः** राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि राज्यसभा में संविधान पर बहस और संसद सही तरीके से चले। उन्होंने यह भी कहा कि यह बहस तभी हो पाएगी, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद संसद की कार्यवाही में बाधा न डालें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले हफ्ते राज्यसभा में कई बार चर्चा स्थगित हुई। विपक्ष, सरकार और सभापति के बीच तीखी बहसें हुईं। यह भाजपा की वजह से हुआ। ब्रायन ने कहा, हम चाहते हैं कि संसद चले और जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो।

## सीएम ने नालागढ़ विस क्षेत्र को परियोजनाओं की दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नालागढ़ः मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिला के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने मित्तियां, बेहली, खल्लर व आसपास के क्षेत्रों के लिए 7.24 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पेयजल योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सात ट्यूबवेल तथा नालागढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में 4.82 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल स्कीमों की




उन्नयन परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने 5.77 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपये की लागत से रेतार खड्ड पुल तथा 3.51 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भटौली खड्ड पुल सहित तीन पुलों की आधारशिला भी रखी।

मुख्यमंत्री ने नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि यहां विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पूरे राज्य में समान विकास को प्राथमिकता दे रही है तथा जनता के कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। सुक्खू ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी को दान की गई दो एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने दानियों के उदार योगदान के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा इस नेक कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया।

**आधारशिला**

▶▶ 3.51 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भटौली खड्ड पुल सहित तीन पुलों की आधारशिला भी रखी



# लोगों ने विजयी बनाकर विधानसभा भेजा, विकास करवाना मेरी जिम्मेदारी: गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई:** राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा है। अब मेरी जिम्मेदारी है कि क्षेत्र में विकास कार्य करवाने की और मैं इन कार्यों में कभी पीछे नहीं हटूंगी। गहलावत रविवार को मुरथल गांव में धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। गांव मुरथल में पहुचंकर विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास व उम्मीद के साथ हलके की जनता ने उन्हें प्यार व मान-सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है। वह दिल से सभी का धन्यवाद करती हैं और वे हलके की जनता को विश्वास दिलाती हैं कि वे जनता के विश्वास व उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगी। उनका सबसे अधिक ध्येय जनता की समस्याओं के समाधान एवं हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी जीत नहीं बल्कि हलके की जनता की जीत है। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि



मुरथल से मेहंदीपुर रोड स्वीकृत करवा दिया है और इसका टेंडर भी लग चुका है। मुरथल से ओशोधारा रोड, जीटी रोड से मुरथल वाया हसनपुर रोड, मुरथल से धतुरी रोड, मुरथल से बख्तावरपुर रोड, जीटी रोड से मिमारपुर वाया मुरथल रोड का काम भी प्रगति पर है। मुरथल से यमुना मिमारपुर घाट तक रोड का कार्य भी जल्दी टेंडर होने वाला है और इसे शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही मुरथल गांव में सैनी समाज के लिए चौपाल का काम भी जल्द करवाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने 16 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। कुम्हार चौपाल को पूरा करने के लिए 10 लाख रुपए दिए जाएंगे। अंबेडकर भवन की मरम्मत के लिए पांच लाख देने की घोषणा की। पांच लाख से बाल्मीकि चौपाल की भी मरम्मत की जाएगी। इसके साथ ही ब्राह्मण चौपाल की मरम्मत का कार्य भी जल्दी करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आप लोगों के सहयोग से लगतार प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है। यह भाजपा के शासन में हुए विकासात्मक योजनाओं व होने वाले विकास कार्यों की जीत है। विधायक ने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

**आभार**

**क्षेत्र में विकास कार्य करवाने की और मैं इन कार्यों में कभी पीछे नहीं हटूंगी: विधायक कृष्णा**

उन्होंने कहा कि विकास कार्य रह गए है या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा ताकि जनता को उनका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर क्षेत्र में हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जाएगी तथा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, जसबीर खेवड़ा, मंडल अध्यक्ष मुकेश मलिक, सरपंच शमशेर, मास्टर सत्यनारायण अंतिल, अनिल अंतिल, भगवान जोगी, विनोद बैरागी, शेखर अंतिल, रजनीश मलिक, जेपी रेवली, मनोज नाहरा, महावीर पंडित अनिल, पंडित हरिश्चंद्र, रामेश्वर प्रधान, रमेश, पूजा सैनी, राजपाल, कृष्ण अंतिल, राममेहर, मुकेश मुखी, प्रवीण सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पड़ोसी महिला ने चोरी किए थे 30 लाख के आभूषण

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में बैंक आफ बड़ौदा की राज चौपला स्थित शाखा के लॉकर से 19 अक्तूबर को की गई 30 लाख के गहनों की चोरी का पुलिस ने 56 दिन बाद शनिवार को खुलासा हो जाने का दावा किया। चोरी आदर्शनगर निवासी अंकुश गोयल के लॉकर से हुई थी। पुलिस ने उनके पड़ोस में रहने वाली पूजा गर्ग को गिरफ्तार कर उसके घर से चोरी किए गए गहने बरामद कर लिए। चोरी में पूजा का पति नितिन भी शामिल रहा। उसकी तलाश की जा रही है। पूजा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 20 अक्तूबर को करवा चौथ का त्योहार था। इसके एक दिन पहले वह अपने लॉकर से गहने निकालने के लिए गई थी।

## स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में आयोजित सीनो फेस्ट-3 उत्सव का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में कक्षा प्री-प्राइमरी से लेकर पाँचवी तक के छात्रों के ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए सीने फेस्ट-3 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। आयोजन में ह्यमोआना -2ह्न नामक एक बेहद रोमांचक, शिक्षाप्रद एनिमेटेड फिल्म दिखाई गई। परिवार के साथ सभी विद्यार्थियों ने इस फिल्म का भरपूर लुफ़्त उठाया। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में आयोजित सीने फेस्ट के तहत ह्यबॉस बेबीह्न और ह्यमाइग्रेशनह्य नामक फिल्म दिखाई गई थी। इस तरह के आयोजन से अभिभूत अभिभावकों



की रुचि और माँग को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन एक बार पुनः किया गया। विद्यालय के सभागार में प्रदर्शित इस तरह के आयोजन को सभी अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस.पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक, कोऑर्डिनेटर अन्ना अग्रवाल, सुमित कौर आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## मोई गांव के देव राणा ने बॉक्सिंग में जीता पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** दिल्ली में हुई 68 वी स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मोई गांव के देव राणा ने अंडर 17 में 75 किलो भार वर्ग में पदक जीत कर गांव का नाम रोशन किया है । पदक जीतने की खुशी में ग्रामीणों ने देव राणा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेता खिलाड़ी देव के कोच अनुपम तिवारी ने बताया कि देव राणा बहुत ही अच्छा खिलाड़ी है। हाल ही में भी देव राणा जय बालाजी स्पोर्ट्स अकैडमी गोहाना में भी प्रशिक्षण ले रहा है। टीम में




खेलते हुए पदक जीत कर गांव का नाम रोशन किया है। कोच ने बताया कि देव राणा इससे पहले भी बॉक्सिंग में हुई अन्य प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर अकादमी अकादमी का नाम रोशन कर चुका है। विजेता खिलाड़ी देव राणा को गांव के सरपंच कृष्ण राणा, पूर्व सरपंच बिजेंद्र राणा, सुरेश राणा ,रामनिवास, अमित राणा, राजेश राणा, वीरेंद्र राणा , प्रेम सिंह, राजेंद्र राणा, सुखबीर फौजी, रामफल मास्टर, कपिल राणा दलबीर राणा , संदीप राणा आदि ने बधाई दी।

**रोशन किया**

**मोई गांव के देव राणा ने अंडर 17 में 75 किलो भार वर्ग में पदक जीत कर गांव का नाम रोशन किया है**

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने शहर में निकाली शौर्य यात्रा

**टीम एक्शन इडिया**
**गन्नौर:** रविवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने गन्नौर शहर में शौर्य यात्रा निकाल कर हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। रविवार को 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती के नेतृत्व में रेलवे रोड़ पर नई अनाजमंडी में विधायक देवेंद्र कादियान,विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सैकड़ों महिला व पुरूष कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। विधायक देवेंद्र कादियान , गन्नौर बजरंग दल संयोजक धर्मवीर शर्मा व मंत्री सुरेंद्र खुराना व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबरी ढांचा विध्वंस




के उपलक्ष्य में हर वर्ष शौर्य प्रदर्शन यात्रा निकाली जाती है, उसी सन्दर्भ में आज गन्नौर में उक्त यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का शुभारंभ 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती व गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादिया ने किया । इस मौके पर हरियाणा प्रांत बजरंग दल विद्यार्थी संयोजक ललित भिवानी मुख्यातिथि रहे । उन्होंने कहा कि बजरंग दल हर वर्ष गीता जयंती सप्ताह मे शौर्य यात्रा निकलता है।

**एकजुट**

**यात्रा का शुभारंभ 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती व गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादिया ने किया**

स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वो बांग्लादेश सरकार को सख्त संदेश। उन्होंने कहा कि सरकार समय रहते मथुरा व काशी में मंदिर का भव्य निर्माण करवाएं अन्यथा जिस प्रकार बाबरी ढांचे को साफ किया था उसी प्रकार बजरंग दल मथुरा में भी कार सेवा करेगा। जिला मंत्री नरेंद पाल शर्मा ने हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जाती में न बटकर एक है तो सेफ का नारा दिया। यात्रा से पूर्व हल्का विधायक देवेंद्र कादयान ने स्वामी दयानंद सरस्वती का माला पहना कर स्वागत किया । इस अवसर पर रोहतक विभाग मंत्री सुभाष गुप्ता , जिला सह मंत्री रवि कुमार, जिला उपाध्यक्ष तेजपाल भार्गव,नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी,नरेंद्र जिला पार्षद, योगेश कौशिक, डॉक्टर निहारिका, पिंकी कौशिक, गायत्री जांगड़ा ,नीतू ,विनोद ,रोहतास शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## आयोजित रक्तदान शिविर में 195 लोगों ने किया रक्तदान

**महादान**

**प्रधान अमित त्यागी व सचिव सतीश चौधरी ने सयुक्त रूप से रक्तदाताओं को हेलमेट देकर उनका हौसला बढ़ाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर सेंट्रल ने भारत विकास परिषद के साथ मिलकर रविवार को जीटी रोड पर यातायात पुलिस चौकी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 195 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर सेंट्रल के प्रधान अमित त्यागी व सचिव सतीश चौधरी ने सयुक्त रूप से रक्तदाताओं को हेलमेट देकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का उनके क्लब का ये चौथा रक्तदान शिविर है। सतीश चौधरी ने युवाओं का आह्वान किया कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची



करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे ज्यादा लोगों का भला हो सके । उन्होंने लोगों से अपील कि की वे युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि उसके साथ में अन्य व्यक्तियों के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। क्लब के सचिव सतीश चौधरी ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है, जिसमें खासतौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती है।

## 'जलवाहक' योजना की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सबानंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्गो प्रोत्साहन की एक महत्वपूर्ण नीति जलवाहक का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरूआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के



माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कुशल परिवहन के रूप में जलमार्गों का लाभ उठाकर, हम रेल और सड़क यातायात को कम करने के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन को बढ़ावा देना चाहते हैं। जलवाहक योजना एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर लंबी दूरी के कार्गो को प्रोत्साहित करती है और व्यापारिक हितों के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन की संभावनाओं का पता लगाने का एक शानदार आर्थिक मूल्य प्रस्ताव प्रदान करती है। आगे, कोलकाता से शुरू हुई नियमित निर्धारित माल सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि कार्गो एक निश्चित समय सीमा के भीतर परिवहन और वितरण किया जाए। इससे हमारे उपयोगकताओं के बीच राष्ट्रीय जलमार्गों की नियमित कार्गो परिवहन के लिए तैयारी के बारे में विश्वास उत्पन्न होगा, जो एक कुशल, आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार परिवहन मोड है।

## फर्जी प्रमाणपत्र तैयार कर बेची जमीन, दिल्ली पुलिस से बर्खास्त निरीक्षक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादनगर:** फर्जी प्रमाणपत्र तैयार कर जमीन का सौदा करने के मामले में पुलिस में दिल्ली पुलिस के बर्खास्त निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ दस वर्ष पूर्व सीबीआई में भी केस दर्ज दर्ज कराए गए थे, जिनके संबंध में भी जांच चल रही है। आरोपित ने पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपित बर्खास्त होने के बाद अब यूपी पुलिस दारोगा की वर्दी पहनकर लोगों पर रौब गालिब करता था। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि इस वर्ष अगस्त माह में मसूरी थाने में अंबर जेटली समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# आप ने चौथी सूची में 38 उम्मीदवारों का किया ऐलान

## बसे खास बात है कि पार्टी ने कस्तूरबा नगर से अपने मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट दिया है। रमेश पहलवान को कस्तूरबा नगर से टिकट दिया

**दिल्ली विस**

**इससे पहले आआपा तीन लिस्ट जारी कर 32 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने शेष सीटों के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा की दी है। पार्टी ने रविवार को अपनी चौथी लिस्ट जारी कर 38 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। इससे पहले आआपा तीन लिस्ट जारी कर 32 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। इनमें सबसे खास बात है कि पार्टी ने कस्तूरबा नगर से अपने मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट दिया है। आआपा ने अपनी चौथी सूची में पार्टी में शामिल होने वाले रमेश पहलवान को कस्तूरबा नगर से अपने मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट काट कर उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह आआपा ने बुराड़ी से संजीव झा, बादली से अजेश यादव, रिठाला से मोहिन्द्र गोयल, बवाना से जय भगवान, सुल्तापुर माजरा से मुकेश कुमार अहलावत, नांगलोई जाट से रघुवेंद्र शौकिन, शालिमार बाग से वंदना कुमारी, शकूर बस्ती से सत्येन्द्र कुमार जैन, त्रीनगर से प्रीती तोमर, वजीराबाद से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से अखिलेख पति त्रिपाठी और सदर बाजार से सोम दत्त को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह मटिया महल से शोहब इकबाल, बलीमारान से इमरान हुसैन, करोल बाग से विशेष रवि, मोती नगर से शिव चरण गोयल, राजौरी गार्डन से धनवंती चंदेला, हरि नगर से राज कुमारी ढिल्लो, तिलक नगर से जनरेल सिंह, विकासपुरी से महिन्द्र यादव, उत्तम नगर से पोश बलयान, द्वारका से विनय मिश्र, दिल्ली कनटेमेंट से विरेन्द्र सिंह कादयान, राजेन्द्र नगर से दुर्गेश पाठक, न्यू दिल्ली से अरविंद केजरीवाल, कस्तूरबा नगर से रमेश पहलवान को टिकट मिला।

### मालवीय नगर से सोमनाथ भारती ताल ठोकेंगे

मालवीय नगर से सोमनाथ भारती, आरके पुरम से प्रतिला टोकस, महरौली से नरेश यादव, अंबडेकर नगर से अजय दत्त, संगम विहार से दिनेश, ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज, कालकाजी से आतिशी, तुगलकाबाद से शशिराम, ओखला से अमानतउल्लाह खान, कोंडली से कुलदीप कुमार, बदरपुर से गोपाल राय और गोकुलपुर से सुरेंद्र कुमार को उम्मीदवार बनाया है। इस बीच अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट कर कहा कि, आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा गायब हैं। उनके पास ना मुख्यमंत्री का चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और ना दिल्ली के लिए कोई विजन है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है और केवल एक ही मिशन है- केजरीवाल हटाओ, उनसे पूछो 5 साल क्या किया, तो वो जवाब देते हैं, केजरीवाल को खूब गाली दी। आगे केजरीवाल ने लिखा कि, ह्यहमारी पार्टी के पास दिल्ली वालों के विकास के लिए विजन है, प्लान है और उसे लागू करने के लिए पढ़े लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है। पिछले दस सालों में किए कामों की लंबी लिस्ट है। दिल्ली वाले काम करने वालों को वोट देंगे, ना कि गाली देने वालों को।

# सीएम ने शाह को लिखा पत्र, रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाने का लगाया आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'केंद्र सरकार ने बिना किसी जानकारी के दिल्ली में बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाया है, जबकि दिल्ली सरकार और जनता को इस मामले से पूरी तरह अंजान रखा गया। मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को गृहमंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर कई सवाल पूछे हैं। आतिशी ने इस पत्र में ही उक्त आरोप लगाया है। आतिशी ने अपने पत्र में लिखा कि, "केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का ट्वीट भी इस बात को साफ करता है कि कैसे जानबूझकर भाजपा शासित केंद्र सरकार ने रोहिंग्याओं को दिल्ली में बसाया गया और बक्करवाला के ईडब्लूएस फ्लैट्स, जो दिल्ली के गरीबों के लिए थे, उसमें रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाकर दिल्ली के लोगों से उनका हक छीना गया। उन्होंने पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार के इस कदम से न केवल दिल्ली की कानून-व्यवस्था प्रभावित होगी। बल्कि शहर के सीमित संसाधनों पर भी दबाव बढ़ेगा। आगे गृहमंत्री को लिखे गए पत्र में

**आरोप**

**अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाया है, जबकि दिल्ली सरकार और जनता को पूरी तरह अंजान रखा गया**

मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली किसी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक नहीं है और बांग्लादेश सीमा से हजारों किलोमीटर दूर है। इसलिए यह हैरान करने वाली बात है कि हमारी सीमाओं को पार करने के बाद, ये अप्रवासी बिना पकड़े कई राज्यों को पार करके दिल्ली कैसे पहुंच गए?

# ठिठुरनः दिल्ली में शीतलहर से लुढका पारा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पहाड़ों में बर्फबारी होने से वहां से आने वाली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ा दी है। इससे दिल्ली में ठिठुरने बढ़ गई है। रात के समय ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेने लगे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आज सुबह नरेला में न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, आया नगर में 7.8, लोधी रोड में 7.0, पालम में 6.4 और रिज में 8.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। पहाड़ों से आने वाली हवाएं सुबह व शाम को ठिठुरन बढ़ा रही हैं। शनिवार को दिन में धूप खिलने के बाद भी ठंडी हवाओं ने सर्दी का अहसास कराया। इस दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है।
वहीं, कई इलाकों में पांच डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंच गया। इससे लोगों को ठिठुरन महसूस हुई। इस दौरान हवा में नमी का स्तर 25 फीसदी से लेकर 76 फीसदी रहा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली में अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं।

**शीतलहर**

**कई इलाकों में पांच डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंच गया। इससे लोगों को ठिठुरन महसूस हुई**

# कुख्यात लुटेरा अनुज गुजरात से गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने सीलमपुर निवासी आरोपी अनुज उर्फ अंतू (32) को गिरफ्तार किया है। कुख्यात लुटेरा अनुज दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज 13 मामलों में फरार चल रहा था। तीन राज्यों में उसका पीछा करने के लिए ऑपरेशन में छह महीने लग गए और आखिरकार उसे गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया।

# विधानसभा में 14 सीएजी रिपोर्ट्स को पेश करने के लिए विशेष सत्र बुलाए सरकारः भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता और भाजपा विधायकों की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट में दायर एक याचिका के बाद दिल्ली सरकार ने आनन-फानन में 497 दिन के बाद रिपोर्ट्स को उपराज्यपाल को भेज दी है। इस याचिका के माध्यम से सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में प्रस्तुत करने के निर्देश देने की मांग की है। इस मामले में अब विपक्ष के नेता ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है। जिसमें 14 सीएजी रिपोर्ट्स को न केवल प्रस्तुत किया जाए बल्कि इन पर विस्तार से चर्चा हो। इसके अलावा रिपोर्ट्स के निष्कर्षों की जांच के लिए विशेष समितियां बनाई जाएं और इस अभूतपूर्व देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता को यह जानने का पूरा हक है कि उनके पैसे का उपयोग कैसे हुआ। सीएजी रिपोर्ट्स को दबाने का यह जानबूझकर किया गया प्रयास वित्तीय कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को छिपाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने सीएजी की अहम रिपोर्ट्स को 497 दिन तक जानबूझकर दबाए रखा और केवल दिल्ली हाई कोर्ट के संभावित प्रतिकूल आदेश के दबाव में इन्हें अब प्रस्तुत किया। इन रिपोर्ट्स को आखिरी क्षण में प्रस्तुत करना साफ दिखाता है कि सरकार जवाबदेही से बचने और वित्तीय गड़बड़ियों को छिपाने के प्रयास में लगी थी। गुप्ता ने कहा कि 497 दिन से लंबित 14 सीएजी रिपोर्ट्स की सूची, जिन्हें आआपा सरकार की वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल सचिवालय में प्रस्तुत किया गया है उन्होंने कहा कि रिपोर्ट्स को दबाने का यह मामला इसलिए और गंभीर हो जाता है क्योंकि इनमें से 14 में से 11 रिपोर्ट्स उस समय के हैं, जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। ये रिपोर्ट्स सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की कार्यप्रणाली, दिल्ली में शराब की आपूर्ति और नियमन, राज्य के वित्तीय मामलों और राजस्व, आर्थिक, सामाजिक और सामान्य क्षेत्रों से संबंधित अहम मुद्दों को कवर करती हैं। कुछ रिपोर्ट्स अगस्त 2023 से ही मंत्रियों की मेज पर धूल फांक रही हैं, जो संविधानिक दायित्वों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी लापरवाही को उजागर करती है।
मोहल्ला क्लीनिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना का विस्तृत ऑडिट, डीटीसी की कार्यप्रणाली, राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों की परफॉर्मेंस और वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम व कमी जैसे मुद्दे शामिल हैं।

**मांग**

**संविधानिक दायित्वों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी लापरवाही को उजागर करती है**

# टीबी मुक्त भारत जागरुकता के लिए सांसदों ने खेला क्रिकेट मैच



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** टीबी मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत सांसदों ने मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेला। बीस ओवर के इस मैच में लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम ने राज्यसभा सभापति एकादश टीम को 73 रन से हरा दिया। क्रिकेट मैच देखने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। इस मैत्री क्रिकेट मैच में लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम की कप्तानी अनुराग ठाकुर और राज्यसभा सभापति एकादश टीम की कमान किरेन रिज़िजू के हाथ में रही। लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम ने राज्यसभा सभापति एकादश टीम को 73 रन से हरा दिया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष एकादश के कप्तान और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भविष्य में विभिन्न राज्यों में ऐसे मैच आयोजित कराए जाएंगे। वहां सांसदों की टीम विधायकों के साथ भी खेलेगी ताकि हर जनप्रतिनिधि जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य दिया है।

**पहल**

**लोकसभा अध्यक्ष एकादश ने राज्यसभा सभापति एकादश को 73 रन से हराया**

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रोहिणी जिले के अमन विहार थाना पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार बदमाश की पहचान राजकुमार उर्फ राज के रूप में हुई है। मुठभेड़ में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक पिस्टल, दो कारतूस व चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने मौके से कारतूस के चार खोखे बरामद भी किए हैं। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के मुताबिक, गत दिनों 20 मिनट के अंदर झपटामारी की दो वारदातों की जांच में पुलिस ने सुल्तानपुरी निवासी एक बदमाश रोहित उर्फ डाटला को गिरफ्तार किया था। इससे पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उसका एक साथी राजकुमार उर्फ राज भी उक्त वारदातों में शामिल था। आरोपित से पूछताछ के दौरान पुलिस ने राजकुमार के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की तो शनिवार को पुलिस को राजुकमार के सेंट्रल पार्क, अमन विहार में आने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाल बिछाया और थोड़ी ही देर बाद बाइक से आरोपित मौके पर आया। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो राजकुमार ने पुलिस पर गोली चला दी और भागने की कोशिश करने लगा।

**काबू किया**

**पुलिस ने तत्काल मौके पर जाल बिछाया और थोड़ी ही देर बाद बाइक से आरोपित मौके पर आया**

# जनता को गुमराह कर रही दिल्ली सरकारः केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने के आरोप पर पलटवार किया है। उन्होंने रविवार को एक्स अकाउंट पर डाली गई एक पोस्ट में लिखा है कि मेरे पुराने ट्वीट को सोशल मीडिया पर डाल जो आरोप लगाए जा रहे हैं झूठे और जनता को भटकाने वाले हैं। क्योंकि उसी दिन एक दूसरे ट्वीट के माध्यम से अवैध रोहिंग्या प्रवासियों को लेकर स्थिति को स्पष्ट कर दिया गया था। इसके बाद भी आम आदमी पार्टी ने उसे अनदेखा किया। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे लिखा है कि 'जब से दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ अभियान शुरू हुआ है तब से पनाह देने वालों का दर्द और बढ़ गया है। अवैध रोहिंग्या बस्ती में मुफ्त बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं के साथ घुसपैठियों को 10,000 रुपये देने वाले केजरीवाल एक बार फिर दिल्ली के लोगों को गुमराह करने में जुटे हैं। इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्री ने उन्हें अफवाह गैंग का मुखिया तक कहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को मेरा पुराना ट्वीट दिख गया लेकिन महज कुछ ही घंटे बाद उसका स्पष्टीकरण नहीं दिखा और ना ही वो कोई ऐसा रोहिंग्या ला पाये जिसको कहीं कोई मकान मिला हो। खैर, दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने की मंशा रखने वाले, शीश महल बनवाने वाले केजरीवाल का कुछ ऐसी ही बेबुनियाद बयानबाजी कर पलटने और कोर्ट में माफी मांगने का इतिहास रहा है।

**दिल्लीवालों का हक मारकर रोहिंग्या को दे रही केंद्र सरकारः सीएम आतिशी**

आतिशी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के ट्वीट पर सवाल उठाए है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में कानून और व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा था। सीएम आतिशी ने अपने पत्र में लिखा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली ने रोहिंग्याओं को बसाया।

केंद्र सरकार दिल्ली वालों का हक मारकर रोहिंग्या को दे रही है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी ने 2022 में स्वीकारा कि रोहिंग्या को केंद्र सरकार ने बसाया। क्या केंद्र सरकार इंडो बांग्लादेश बॉर्डर की सुरक्षा करने में नाकाम रही।



# छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कृति का ज्ञान भी जरूरी: बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं और कल का भविष्य देश के बच्चों पर निर्भर करता है। हमारे बच्चे जितने सक्षम होंगे देश उतना ही तेजी से प्रगति की राह पर अग्रसर होगा। आज का युग ज्ञान का युग है और इस युग में वही देश और प्रदेश आगे बढ़ता है जो अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। राज्यपाल रविवार को गांव खातीवास स्थित संस्कारम पब्लिक स्कूल के नौवें वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले संस्थान के चांसलर डॉ महिपाल ने माननीय राज्यपाल का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि समाज से गरीबी और असमानता को मिटाने के लिए शिक्षा सबसे बड़ी दवा है। शिक्षा से ही बदलाव संभव है, प्रत्येक माता पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देते हुए महान नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के विद्यार्थी देश के लिए रोल मॉडल बनें। देश का भविष्य बच्चों पर निर्भर करता है,बच्चे जितने सक्षम होंगे, देश उतना ही तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि संस्कारम स्कूल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति का भी ज्ञान प्राप्त हो रहा है। हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति एवं धरोहर को जीवंत रूप दिया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए, कहा कि जीवन में आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता आपकी लगन और मेहनत है। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं हो सकता, इसलिए जरूरी है कि आप लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए दिन-रात एक कर दें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण से लेकर लक्ष्य प्राप्ति तक का सफर




बिना गुरु के सानिध्य और मार्गदर्शन संभव नहीं हो सकता।

**नई शिक्षा नीति से मिलेगा रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा**

मुख्य अतिथि श्री बंडारू दत्तात्रेय ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि संस्कारम समूह ने हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में तैयार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर शिक्षा के साथ शोध कार्य को भी बढ़ावा देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल पढ़ाई नहीं है अपितु सही मायने में शिक्षा का अर्थ विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होता है। जिसमें शैक्षणिक विकास, शारीरिक विकास, नैतिक मूल्यों का विकास, सांस्कृतिक विकास, विद्यार्थी के आचरण के साथ-साथ भविष्य में आने वाली कठिनाइयों के लिए विद्यार्थी का तैयार करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यह नीति गेम चेंजर है, इससे नैतिक मूल्यों पर आधारित रोजगारपरक शिक्षा मिलेगी। उन्होंने संस्थान के खेल,शिक्षा,नीट, जेई ई,एनडीए,सीएस,सी,कलेट आदि परीक्षाओं में अग्रणी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए संस्थान प्रबंधन को भी बधाई दी।

**विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्थान प्रतिबद्ध**

उन्होंने कहा कि संस्कारम शिक्षण संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी इंजीनियरिंग व मेडिकल के क्षेत्र में देश के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज में दाखिला लेने के साथ-साथ खेलों में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। जो फिर से एक बार दर्शाता है कि संस्थान अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है।

**हरियाणवी सभ्यता और संस्कृति का जज्बा आज भी कायम**

माननीय राज्यपाल ने विद्यालय परिसर में आयोजित हरियाणवी संस्कृति से जुड़ी कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत के परिणामस्वरूप आज इस परिसर में हरियाणी संस्कृति का प्रतीक रहे पकवान,खेल,हम हरियाणवी, नोहरा, बैठक, साल, ओबरा, पोली, हाट, सांझी, तीज त्योहार, घेर, गितवाड़ की शानदार झलक देखने को मिल रही है। अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने के लिए इस तरह की कला प्रदर्शनी आयोजित होनी चाहिएं, जिससे युवा पीढ़ी को हरियाणवी संस्कृति से रूबरू कराया जा सके। उन्होंने धरोहर में स्थापित नगर खेड़ा पर दीप प्रज्वलित कर ऐतिहासिक धरोहर के महत्व पर चर्चा की। साथ ही हरियाणा शिक्षा बोर्ड के मॉडल और पुराने कृषि यंत्रों और परिधानों की स्टाल का भी अवलोकन किया।

**बच्चों को संस्कारवान बनाने में शिक्षक का अहम योगदान**

पूर्व शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने में माता पिता के बाद शिक्षक का अहम योगदान होता है।

## सोनिया अग्रवाल को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: सोनीपत के** ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने एक लाख के रिश्वतकांड में आरोपित हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जबकि उनके निजी सहायक कुलबीर बेनीवाल को एक दिन की रिमांड पर एंटी करप्शन ब्यूरो को सौंपा दिया। सोनिया को रविवार सुबह सोनीपत के महिला थाने से विजिलेंस दफ्तर लाया गया था। इस दौरान सोनिया ने कहा- 'मुझे फंसाया गया है,। जल्द ही इसे साबित करूंगी। एंटी करप्शन ब्यूरो ने दोनों को शनिवार को 1 लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इससे पहले सोनिया अग्रवाल के खरखौदा स्थित आवास पर छापा भी डाला गया था हालांकि तलाशी के दौरान कोई बरामदगी नहीं की गई। आरोप है कि सोनिया के पीए कुलबीर ने हिसार में जेबीटी टीचर से एक लाख रुपए लिए थे। शिकायतकर्ता टीचर का कहना है कि रुपए लेने के बाद पीए ने महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को फोन कर मामले का निपटारा करने को कहा था। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया का बयान भी आया है, जिसमें उन्होंने इस पूरे मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। इस तरह की बातों से संस्था का नाम खराब होता है। सोनिया को खरखौदा और कुलबीर को हिसार से गिरफ्तार किया गया था। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने टीचर और उसकी पुलिसकर्मी पत्नी का विवाद निपटाने के बदले में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। ब्यूरो ने कुलबीर से एक लाख रुपए भी बरामद किए हैं। ब्यूरो को शक है कि सोनिया अग्रवाल, कुलबीर के जरिए ही मामले निपटाने के पैसे लेती थी।

## न्यूज फ्लैश

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री 19 को यमुनानगर में

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति यमुनानगर की मासिक बैठक 19 दिसम्बर 2024 को प्रातः11 बजे जिला सचिवालय के सभागार में होगी। इसमें जिला के सभी विभागाध्यक्ष तथा जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सभी गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

### देश का मुकुट है कश्मीर, इसकी शांति के लिए प्रयासरत लोगों को प्रणाम- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** गुरुग्राम के सेक्टर 51 में स्थित गुरुग्राम विश्वविद्यालय में "कश्मीर पीस लवर्स" की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का मुकुट है और शांति का प्रतीक है। आगे भी यह शांति अमन बना रहना चाहिए, इसके लिए प्रयासरत लोगों को मैं प्रणाम करता हूं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम में आकर कश्मीर की एक सुखद तस्वीर सामने दिखाई दे रही है। इस दौरान कश्मीर की शांति के लिए प्रयासरत लोगों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि इस समारोह में अवार्ड प्राप्त करने वाले ऐसे सभी महानुभावों को मैं विशेषतौर पर बधाई देता हूं जो "कश्मीर पीस लवर्स" के इस मंच पर सम्मानित हुए हैं। राज्यपाल ने अपनी कश्मीर यात्रा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि वहां बहुत प्राचीन मंदिर हैं। वहां के लोगों ने ऐसी सांस्कृतिक धरोहरों को सहेज रखा है। यह बहुत हर्ष का विषय है। सीएम के ओएसडी डॉ. राज नेहरू ने कहा कि "कश्मीर पीस लवर्स संस्था" का उद्देश्य हमारी संस्कृति को प्रस्तुत कर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि महामहिम के साथ उन्हें कश्मीर यात्रा का मौका मिला। इस दौरान विभिन्न प्राचीन मंदिरों के दर्शन किए। सरकार भी ऐसी सांस्कृतिक विरासत के विकास में सहयोग कर रही है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कश्मीर की शांति के लिए काम कर चुके विभिन्न पुरोधाओं को याद किया। ऐसे लोगों की याद में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। सूर्या गंजू ने गिटार वादन किया। कार्यक्रम में डॉ. राज नेहरू ओएसडी सीएम, गुरुग्राम विवि के प्रो. दिनेश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पंजाब की फुलकारी की भी गूंजी किलकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:-** सिर पर पगड़ी, धोती-कुर्ता, चोली-दामन, घाघरा, सलवार-कुर्ता जैसे हरियाणवी परिधानों की एक अलग ही शान है। इन परिधानों की गूंज देश के साथ-साथ विदेशों में सुनने को मिलती है। इन्हीं परिधानों के बीच हरियाणा के बड़े भाई के नाम से पहचाने जाने वाले पंजाब की फुलकारी कुरुक्षेत्र में चल रहे गीता महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुकी है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की धरा पर महोत्सव में पहुंची पंजाब की फुलकारी को पर्यटक खूब पसंद कर रहे है। पंजाब के पटियाला से आई लाजवंती ने अपने स्टॉल पर इस पंजाब की फुलकारी को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया है। शिल्पकार अमित ने बताया कि इस शिल्पकला के लिए उनके परिवार को राष्ट्रीय पुरस्कार पद्मश्री भी मिल चुका है। उनके स्टॉल में फुलकारी आर्ट के दुप्पटे, साड़ी, कुर्ती, प्लाजो सूट-सलवार सहित अन्य परिधान भी मौजूद है। उनके यह परिधान देश के साथ-साथ विदेशों में खूब पसंद किए जाते है। उनका दिल्ली मार्ट में स्वयं की दुकान भी है, जो कि लाजवंती के नाम से काफी प्रसिद्ध है। इस दुकान के माध्यम से उनके साथ अन्य लोग भी जुड़े हुए है, जिन्हें उनके द्वारा रोजगार प्रदान किया गया है।

## चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर भाजपा के सभी पार्षद एकजुट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ भाजपा प्रभारी और गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने रविवार को आगामी मेयर चुनाव को लेकर पार्टी के पार्षदों और पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में पार्टी की संगठनात्मक ताकत और रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में अतुल गर्ग ने स्पष्ट किया कि भाजपा के सभी 15 पार्षद मेयर चुनाव के लिए पूरी तरह से एकजुट हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि चुनाव के दौरान भाजपा पार्षद सदन में एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए पार्टी की नीति और सिद्धांतों को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पार्षद चंडीगढ़ में विकास और पारदर्शिता की नीति के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह चुनाव जनता के विश्वास को और मजबूत करने का अवसर है। इस अवसर पर चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा और हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रभारी संजय टंडन भी मौजूद रहे। उन्होंने भी पार्षदों को पार्टी की एकजुटता बनाए रखने और चुनाव के दौरान अनुशासन और समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी पार्षदों ने पार्टी की नीतियों और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का वादा किया।

# आज अभय किसान नेता जगजीत डल्लेवाल से मिलने खनौरी बॉर्डर जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला एमएसपी पर कानून बनाने और किसानों के कर्ज माफी जैसी मुख्य मांगों को लेकर पिछले 19 दिनों से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिलने सोमवार को खनौरी बॉर्डर पर जाएंगे। इस दौरान उनके साथ इनेलो पार्टी के अहम पदाधिकारी भी साथ जाएंगे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि कैंसर की बीमारी से जूझ रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत



काफी नाजुक बनी हुई है बावजूद इसके वो किसानों के लिए आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी का किसान आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान वे पहले से ही कर चुके हैं। अब सोमवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिलेंगे और एक बार फिर से किसान नेता अगर उनकी कोई बड़ी जिम्मेवारी लगाते हैं तो वहीं पर ही कोई बड़ा निर्णय भी लेंगे। सनद रहे कि केंद्र की सरकार द्वारा तीन काले कानून लागू करने पर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के आह्वान पर अभय सिंह चौटाला पूरे देश के एक मात्र विधायक थे जिन्होंने अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। अभय सिंह चौटाला ने किसानों की मांगों को जायज करार देते हुए केंद्र की सरकार से तुरंत सभी मांगों को मानने की अपील की।

## हुड्डा ने किसानों पर आंसू गैस, बल प्रयोग को लेकर जताया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों के विरुद्ध पुलिस द्वारा आंसू गैस, वाटर कैनन और बल प्रयोग पर कड़ा विरोध दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर टकराव के हालात पैदा कर रही है, जबकि उसे किसानों के साथ बातचीत के जरिए समाधान निकालना चाहिए। अब तक किसानों का पूरा आंदोलन शांतिपूर्ण रहा है और वह अपील करते हैं कि भविष्य में भी यह पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। लेकिन बीजेपी सरकार आंदोलन को दबाने के लिए हिंसक रुख अपना रही है, जो निंदनीय व अलोकतांत्रिक है। हुड्डा का कहना है कि आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत लगातार गिर रही है। बीजेपी सरकार को अपना अड़ियल रवैया छोड़कर किसानों से बातचीत करनी चाहिए। उनकी मांगों का समाधान कर तुरंत जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज और कई साल पुरानी है। खुद बीजेपी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में किसानों को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक एमएसपी देने का वादा किया था। यही वादा बीजेपी सरकार ने किसान आंदोलन को खत्म करवाते हुए भी दोहराया था। लेकिन किसानों को दिए गए आश्वासन के मुताबिक आजतक एमएसपी कमेटी का कोई अता-पता नहीं है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री कल करेंगी 17 मामलों की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी कल 16 दिसंबर को फतेहाबाद में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इस बैठक में कुल 17 परिवाद रखे जाएंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति फतेहाबाद की बैठक में 3 परिवाद वो भी शामिल हैं जो पिछली बैठक में लंबित रहे गए थे। इसके अलावा 14 परिवाद नये रखे गए हैं।

## कांग्रेस को समर्थन देने वाले सरपंचों से भेदभाव कर रही है सरकार: दीपेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने वाले सरपंचों से भेदभाव कर रही है। सत्ता के घमंड में बीजेपी नेता लगातार कांग्रेस को समर्थन देने वाले सरपंचों को नतीजा भुगतने की धमकी दे रहे हैं। राजनीतिक बदले की भावना से काम करना प्रजातंत्र के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सरपंचों के साथ-साथ ग्रामीणों के हितों पर भी कुठाराघात किया है। ग्रांट मांगने और विकास के काम करवाने की मांग पर सरपंचों पर लाठी और वाटर कैनन का प्रयोग किया गया। क्षेत्र के सरपंच उन लाठियों की चोट को आज भी नहीं भूले हैं और समय आने पर इसका माकूल जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में चूर बीजेपी सरकार में बैठे लोगों ने पंचों-सरपंचों की पगड़ी को भी उछालने का काम किया है। बीजेपी सरकार पंचायतों को छोटी सरकार कहती थी, लेकिन जब चुने हुए सरपंच प्रदेश सरकार के दरवाजे पर अपनी मांग को लेकर चंडीगढ़ गये तो उनको अपमानित किया गया, उनके साथ बर्बरतापूर्ण दुर्व्यवहार किया गया। बीजेपी सरकार ने पंच, सरपंच समेत हर वर्ग का अपमान किया है।

लेकिन सरकार समझ ले कि प्रजातन्त्र में जनता की आवाज को लाठियों के जोर से दबाया नहीं जा सकता। सांसद दीपेन्द्र ने कहा कि पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय बिना भेदभाव के पंचायतों को करोड़ों की ग्रांट दी जाती थी, जिससे गांवों में विकास कार्यों की अलग ही चमक दिखाई देती थी। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार गांवों में विकास को लेकर बड़ी-बड़ी बातें तो करती है लेकिन हकीकत में उसकी नीयत में ही खोट है।

## भारती अरोड़ा ड्रग तस्कर को बचाने के आरोप से सुप्रीम कोर्ट से बारी


**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की रिटायर्ड आई पी एस अधिकारी भारती अरोड़ा को वर्ष 2005के एन डी पी एस से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बरी:कर दिया है। भारती अरोड़ा पर नशा तस्कर को बचाने का आरोप था। भारती सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से पहले ही स्वैच्छिक सेवा निवृति लेकर कृष्णभक्त बन चुकीं थी।जांच में पाया गया कि भारती ने जिस आरोपी को बचाने की कोशिश की थी, वह निर्दोष था। कुरुक्षेत्र की विशेष अदालत की ओर से भारती को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 3 न्यायाधीशों की पीठ ने मामले से जुड़े तथ्यों की जांच करते हुए नोटिस और उसके बाद की सभी कार्रवाई को रद्द कर दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि वह फैसला बिना विवेक के लिया गया था। पीठ ने कहा, "यह स्पष्ट है कि विशेष न्यायाधीश ने प्राकृतिक न्याय के सभी सिद्धांतों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया है। विशेष न्यायाधीश द्वारा एन डी पी एस अधिनियम की धारा 58 के तहत अपीलकर्ता (भारती) को 26 फरवरी, 2007 को जारी किया गया नोटिस और विशेष न्यायाधीश द्वारा 30 मई, 2008 को लिखे और टाइप किए गए आदेश सहित सभी बाद की कार्यवाही को रद्द और अलग रखा जाएगा।" भारती अरोड़ा 21 मई 2004 से 18 मार्च 2005 तक कुरुक्षेत्र में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहीं। इस बीच 6 जनवरी 2005 को विवाद तब पैदा हुआ जब पुलिस ने रण सिंह नामक व्यक्ति को 8.7 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया।

## पिछड़े क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान पहले कराना ही नैतिक कर्तव्य है : कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश आगे तभी बढ़ेगा जब देश को आगे बढ़ाने की सोच के साथ कार्य होंगे। वे आज फरीदाबाद में प्याली चौक से 60 फुट रोड तक साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आरएमसी नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मतदान के रूप में जो आशीर्वाद आपने हमें दिया है उस आशीर्वाद का कर्ज हम एनआईटी फरीदाबाद विधानसभा का विकास करके उतारेंगे। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में सीवर पानी निकासी और पीने के पानी की समस्या को खत्म करेंगे। हमारे पास जो कुछ है वह जनता का दिया हुआ है। आप मतदाताओं ने क्षेत्र के विकास के लिए हमें वोट दिया है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में जहां एक ओर देश और प्रदेश का विकास हो रहा है वहीं एनआईटी विधानसभा का भी विकास होगा। हमारी प्राथमिकता सबसे ज्यादा सबसे पहले पिछड़े क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करना है यही हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज प्याली चौक से 60 फुट रोड तक लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि केवल 60 फुट रोड पर जलभराव की समस्या का निदान करने से जलभराव की समस्या का निदान नहीं होगा बल्कि एनआईटी में कहीं भी जल भराव न हो उन सबका निदान भी हम बहुत जल्दी करेंगे।

# पंजाबी गायक राज जुझार पर बलात्कार का मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** ख्यातनाम पंजाबी गायक राज सिंह जुझार उर्फ ??राज जुझार के खिलाफ जालंधर के एन आर आई थाने में बलात्कार की एफ आई आर दर्ज की गई है। एफ आई आर एन आर आई महिला ने दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि राज जुझार ने शादीशुदा होते हुए भी उसके साथ संबंध बनाए। महिला ने कहा है कि जुझार से बच्चा पैदा होने के बाद उसे पता चला कि जुझार पहले से शादीशुदा है। महिला ने बलात्कार के साथ-साथ धोखाधड़ी की धाराएं भी जुड़वाई हैं। महिला ने ब्लैकमेलिंग का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने जुझार से पूछताछ की तो उन्होंने महिला को पहचानने से ही इनकार कर




दिया। मगर, दोनों की साथ फोटो सामने आने के बाद उनके संबंध को पुलिस ने मान लिया। एन आर आई थाने में करीब एक महीने जांच के बाद गायक के खिलाफ भा द स की धारा 376, 420 और 406 के तहत मामला दर्ज किया गया। यह मामला 30 नवंबर को दर्ज हुआ था। इसकी जानकारी अब सामने आई है। हालांकि, स्पष्ट न होने के चलते पुलिस ने ब्लैकमेलिंग की धाराएं नहीं जोड़ी हैं। पुलिस गायक की तलाश में जुट गई है। कनाडा की रहने वाली महिला ने 23 अक्टूबर को पंजाब पुलिस की एन आर आईविंग के ए डी जी पी को शिकायत भेजी थी। इसकी जांच जालंधर एन आर आई थाने को भेजी गई। महिला इंस्पेक्टर ने मामले की जांच कर रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में गायक को आरोपी पाया गया। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2006 में पीड़ित महिला की मुलाकात कनाडा में जुझार सिंह से हुई थी। इसके बाद से लगातार दोनों एक-दूसरे के संपर्क में थे। महिला मूल रूप से जालंधर की ही रहने वाली है, लेकिन जब वह जुझार से मिली तब कनाडा की ही नागरिक थी। जुझार ने महिला से भारत में ही शादी की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2007 में वह महिला भारत आई। इस दौरान जुझार ने महिला को धोखा देकर उससे शादी कर ली। उससे एक बच्चा भी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद उसे पता चला कि जुझार पहले से ही शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। महिला ने जुझार से संपर्क किया तो उसे कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। महिला का आरोप है कि शादीशुदा होने के बाद भी जुझार उसके साथ संबंध बनाता रहा। साथ ही महिला ने आरोप लगाया है कि जुझार ने उसका सोना और पैसा भी हड़प लिया है। जब पुलिस ने गायक को जांच में शामिल करने के लिए नोटिस जारी किया तो गायक ने कहा कि उसका महिला से कोई संबंध नहीं है। इसके बाद महिला ने पुलिस को सबूत सौंपे, जिसमें जुझार को महिला के साथ देखा गया।

# विधायक रामकुमार कश्यप ने गांवों में पहुंच किया जनता का आभार व्यक्त

## मुख्यमंत्री की 23 दिसम्बर को होने वाली रैली का दिया निमंत्रण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** विधायक एवं व्हिप रामकुमार कश्यप ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के उचाना, डीएवी कालेज करनाल, नेवल, टापू, चोरपुरा, कलसौरा, ब्याना, संगोही गांवों के साथ-साथ गुढ़ा के वार्ड नम्बर-11 में धन्यवादी दौरा कर लोगों का आभार व्यक्त किया। यहां पहुंचने पर लोगों ने उनका बुक्के व फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

रामकुमार कश्यप ने कहा प्रदेश की जनता के सहयोग से ही प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। इसी कड़ी में 23 दिसंबर को प्रदेश में बहुमत से तीसरी बार सरकार बनने पर हलके की जनता का आभार व धन्यवाद करने के लिए नई अनाज मंडी इंद्री में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 23 दिसम्बर की रैली में हलके के जो विकास कार्य रह गए हैं, उनके साथ-साथ जो अधूरे विकास कार्य हैं उनको पूरा करने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने हलके की जनता का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के विचार सुनें। विधायक ने बताया कि भाजपा सरकार की सोच और कार्यशैली अन्य राजनीतिक दलों से भिन्न है। भाजपा व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की इसी सोच के चलते देश का नाम विश्व पटल पर चमका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार की सोच भी इसी प्रकार की है, कि प्रदेश के हर वर्ग के हित को ध्यान में रखा जाए और किसी भी वर्ग के साथ अन्याय ना होगा। आज भाजपा की इसी सोच और नीतियों के कारण प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।



**विकास पर बल**

▶▶ प्रदेश की जनता के सहयोग से ही प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शासन में बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरी देने की नींव रखी गई, आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस नींव को मजबूती प्रदान करते हुए प्रदेश के युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां देने का कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार भाजपा ने चुनाव में जनता के साथ जो वायदे किए हैं, उन वादों को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में सबका साथ सबका विकास नीति अपनाई है और इसी नीति के चलते भाजपा ने बिना किसी भेदभाव प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाया है।

# भारत केसरी से सम्मानित होंगे पुलिस उपनिरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा

**सम्मान**

▶▶ पुलिस कर्तव्य के साथ साथ विभिन्न समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी पुलिस उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा को सत्यार्थ भारत केसरी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 14 जनवरी 2025 को वानप्रस्थ आश्रम हरिद्वार में सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सत्यार्थ राष्ट्रीय महासम्मेलन एवं महाधिवेशन के अंतर्गत प्रदान किया जाएगा। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चीफ कोऑर्डिनेटर आर्य रत्न डॉ.सौरभ आर्य द्वारा आज उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से यह निमंत्रण सन्देश देते हुए निमंत्रण पत्र और बधाई दी। हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ.अशोक कुमार वर्मा पुलिस विभाग में 26 वर्षों से सेवारत हैं और पुलिस कर्तव्य के साथ साथ विभिन्न समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें 26 जनवरी 2020 को पुलिस में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया। 173 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दान करने वाले पुलिस अधिकारी डॉ.वर्मा को 2 बार महामहिम राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। शतकवीर सम्मान से भी महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। वे 516 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगा चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक डॉ.अशोक साइकिल पर चलते हैं। हरियाणा प्रान्त में नशे के विरुद्ध अभियान चलाये हुए हैं। वे हरियाणा में 2500 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर चुके हैं। 573 से अधिक लोगों को नशा मुक्त कर चुके हैं। कवि हृदय, कहानीकार और लेखक डॉ.अशोक कुमार वर्मा 125 से अधिक कविताएं लिख चुके हैं एवं सामाजिक और नैतिक विषयों पर लिखते हैं।

# उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर का किया गया आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

**महाराणा** प्रताप क्षत्रिय सभा पानीपत के तत्वाधान में हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों से क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाग लिया। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि हरियाणा के कृषि व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा रहे,और अध्यक्षता असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा व पूर्व मंत्री संजय सिंह राणा और हरियाणा सरकार में चैयरमैन अमर पाल राणा ने की, इस अवसर पर पानीपत भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट भी मौजूद रहे प्रोग्राम में 9 मई को महाराणा प्रताप की प्रदेश स्तरीय जयंती मनाने पर गंभीरता से विचार किया गया इसमें पानीपत में राज्य स्तरीय जयंती मनाने की मांग रखी गई। इस अवसर पर बोलते हुए श्याम सिंह राणा ने कहा है कि मैं हर जिले में जाकर के समाज के लोगों से मिल रहा हूं समाज में जाकर के लोगों की समस्याएं सुनकर के हल करने का प्रयास करूंगा उन्होंने कहा है कि नायब सिंह सैनी सरकार प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर पानीपत सभा वरिष्ठ प्रधान सतपाल राणा ने मंत्री के समक्ष मांग पत्र रखा । जिसमें श्याम सिंह राणा ने समाज की सभी मांगे मानने का भरोसा दिया। इस अवसर पर मंच संचालन सभा के महासचिव यशपाल राणा ने किया और प्रधान सुरेश राणा ददलाना ने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री व विधायक और समाज के लोगों का धन्यवाद किया।

**जनकल्याण**

▶▶ नायब सिंह सैनी सरकार प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं

# 90 महिलाओं को बांटे गर्म शाल व पाठ्य सामग्री

**वितिरित की**

▶▶ चेतना महिला स्कूल में पढ़ रही महिलाओं ने अतिथियों को पहाड़े,फलों के नाम एवं अपने-अपने नाम लिखकर दिखाएं

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**लायंस** क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा आज काबड़ी रोड के भारत नगर में चेतना परिवार द्वारा संचालित चेतना महिला स्कूल की 90 महिलाओं को गर्म शाल एवं कॉपी,पेंसिल व स्लेट आदि पाठ्य सामग्री वितरित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी रमेश वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व गवर्नर विनय गर्ग व जिला कैबिनेट सचिव संजय बत्रा ने शिरकत की। जबकि अध्यक्षता लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान रविंद्र जैन ने की। इस अवसर पर चेतना महिला स्कूल में पढ़ रही महिलाओं ने अतिथियों को पहाड़े,फलों के नाम एवं अपने-अपने नाम लिखकर दिखाएं। मुख्य अतिथि रमेश वर्मा ने कहा कि अशिक्षित महिलाओं को शिक्षित करने का चेतना परिवार का यह बहुत ही सराहनीय कदम है। इस कदम की जितनी भी सराहना की जाए उतनी कम है।

उन्होंने इस प्रकार की महिलाओं की हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि विनय गर्ग ने बताया कि चेतना स्कूल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्य वास्तव में सच्ची समाजसेवा है,जो महिलाएं कल तक अपना नाम तक नहीं लिख सकती थी आज वह अपना हिसाब किताब एवं अन्य काम कर रही हैं। क्लब के प्रधान रविंद्र जैन ने बताया कि उन्होंने क्लब के माध्यम से आंखों के रोगों की जांच के साथ आंखों के आप्रेशन करवाने का भी बीड़ा उठा रखा है। उसके लिए हर जरूरतमंद की आंखें ऑपरेशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद उनसे संपर्क कर सकता है।



# उत्तराखंड सभा करनाल के प्रधान बने मोहन सिंह



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उत्तराखण्ड सभा (रजि) करनाल सभा की एक बैठक शिव मन्दिर गली नम्बर एक के भवन में सम्पन्न हुई। आम सभा में मोहन सिंह करनाल को सर्वसम्मति से संस्था का प्रधान चुना गया। नवनियुक्त प्रधान मोहन सिंह कन्याल ने अपने चयन उपरांत नई कार्यकारणी की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व निष्ठा की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर संस्था के प्रधान ने उत्तराखंड के सांस्कृतिक अग्रज व वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली की स्मृति में विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में संस्था के मुख्य सलाहकार रामप्रसाद नौटियाल, वरिष्ठ उपप्रधान शिव प्रकाश सेमवाल, संरक्षक रमेश चन्द्र बलोनी, कुमाँऊ विकास परिषद के प्रधान हरीश शर्मा, सचिव शशांक ध्यानी व धनेश डिमरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# हरियाणा आएंगे इंटरनेशनल चेस चैंपियन गुकेश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज के क्षेत्र में भारत ने एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 18 वर्षीय होनहार ग्रैंड मास्टर डी. गुकेश ने 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लीरेन को हराकर खिताब अपने नाम किया है। गुकेश को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने कहा कि गुकेश की यह जीत न केवल उनके करियर में मील का पत्थर है, बल्कि शतरंज के इतिहास में भारत का नाम भी स्वर्ण अक्षरों में अंकित करती है। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने जिस एकाग्रता और धैर्य का परिचय दिया है, वह वाकई प्रेरणादायक है। गुकेश आज के युवाओं के लिए रोल मॉडल बनकर उभरे हैं। नारंग ने कहा कि गुकेश जल्द ही हरियाणा आएंगे। नितिन नारंग ने कहा कि शतरंज के बादशाह विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश को क्राउन प्रिंस ऑफ चेस कहना गलत नहीं होगा। आज गुकेश ने खुद को शतरंज का वह अभिमन्यु साबित किया है, जिसने सही समय पर सही चाल चलते हुए अपने प्रतिद्वंदी के किलेबंदी को भेद दिया। सही मायने में आज गुकेश को उनके दस सालों की कड़ी मेहनत का फल मिला है। गुकेश के पीछे पूरी टीम की मेहनत यह महज संयोग नहीं है कि भारतीय क्रिकेट और हॉकी टीम के साथ काम कर चुके हैं।



# जनता को मैं नमन करता हूं जिसने मुझे सातवीं बार विधायक बनाया: अनिल विज

**जीत का राज**

▶▶ विज ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही रेलवे लाइन पर नन्हेड़ा फ्लाईओवर को चालू करवाया



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी की जनता को नमन करते हैं जिसने उन्हें सातवीं बार विधायक बनाया, वो जहां भी जाते हैं लोग उनसे बार-बार जीतने का राज पूछते हैं और वह यही जवाब देते हैं कि यह सवाल मेरी जनता से जाकर पूछो, वहीं बताएगी कि जिसने मुझे सात बार विधायक बनाया है। विज 12 क्रास रोड पर श्री यादव सभा की ओर से आयोजित यादव परिवार मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में पैसा, छल, कपट का इस्तेमाल होता है उसके बावजूद भी अम्बाला छावनी की जनता ने उन्हें जिताया है। वह अपनी पूरी ताकत लगाकर अम्बाला की जनता को दे सके ऐसा वह सोचते हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि कोविड के दौरान यादव सभा ने समाज सेवा में अच्छा कार्य किया और इस दौरान उनको भी कोविड हो गया था, अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें जवाब तक दे दिया था। भगवान की कृपा से वह वापस बचकर आए और खराब सेहत होने के बावजूद भी वह घर आराम करने के लिए नहीं बैठे, ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर उन्होंने काम किया तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया क्योंकि उन्होंने जनता से वोट ली है और जनता को वोट का हिसाब देना है। विज ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही रेलवे लाइन पर नन्हेड़ा फ्लाईओवर को चालू करवाया। इसी प्रकार उन्होंने शाहपुर में रेलवे अंडर पास बनवाया जबकि घसीटपुर में रेलवे अंडर पास बन रहा है जबकि जल्द ही मच्छौंडा में रेलवे ओवर ब्रिज भी बनेगा। पहले कई इलाके रेलवे लाइनों की वजह से अम्बाला छावनी से कटे हुए थे मगर अब इन बाधाओं को उन्होंने रेलवे फ्लाइओवर व अंडरपास बनाकर दूर कर दी है। अब अम्बाला छावनी रिंग रोड तक फैलेगा और अम्बाला छावनी नगर से महानगर बन जाएगा। उनका प्रयास है कि वह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के और सेक्टर भी अम्बाला छावनी में ला सके। उन्होंने अम्बाला से दिल्ली वाया शामली एक्सप्रेस हाईवे मंजूर करवाया जिसपर तेजी से काम चल रहा है। वह जनता को बताना चाहते हैं कि जनता यदि उन्हें वोट देकर जिताती है तो वह उनकी वोट को व्यर्थ नहीं जाने देंगे।

वहीं कार्यक्रम में पहुंचे पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज का यादव सभा अम्बाला की ओर से जोरदार स्वागत किया गया।

# सेवानिवृत्त प्राचार्यों व प्राध्यापकों की सभी समस्याओं का किया जाएगा समाधान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स टीचर्स फेडरेशन हरियाणा द्वारा डीएवी पीजी कॉलेज में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण एवं शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही इन्द्री से विधायक रामकुमार कश्यप, करनाल से विधायक जगमोहन आनंद तथा असंध से विधायक योगेन्द्र राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। फेडरेशन ने उन्हें भी सम्मानित किया। फेडरेशन के प्रधान डॉ.डीआर चौधरी ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया तथा उनका विस्तृत परिचय देते हुए उनकी विशिष्ट उपलब्धियों को रेखांकितकिया। समारोह में फेडरेशन के महासचिव डॉ.पीआर त्यागी ने हरियाणा के एडिड कॉलेजों से सेवानिवृत्त प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों की प्रमुख समस्याओं से अवगत करवाया, जिनमें ट्रेजरी के माध्यम से पेंशन का भुगतान करने, समग्र मेडिकल सुविधा देने, बीस वर्ष के सेवाकाल पूर्ण करने पर पूरे पेंशन लाभ प्रदान करने, 80 वर्ष की आयु होने पर पेंशन में बीस प्रतिशत की बढ़ौतरी करने तथा पैशनरों की मृत्यु के बाद उनकी मानसिक तौर पर दिव्यांग संतान को फेमिली पेंशन देने की मांगें शामिल हैं।



**आश्वासन**

▶▶ एडिड कॉलेजों से सेवानिवृत्त प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों की प्रमुख समस्याओं से अवगत करवाया

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने मंच से संबोधित करते हुए समारोह में उपस्थित सेवानिवृत्त प्राचार्यों व प्राध्यापकों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उपस्थित विधायकों ने भी अपने संबोधन में सेवानिवृत्तों की सभी मांगों को उचित माना तथा उन्हें पूरा करवाने के बारे में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि स्पीकर हरविन्दर सिंह कल्याण ने अपने संबोधन में हरियाणा के एडिड कॉलेजों के शिक्षकों के हायर एजुकेशन में योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और उन्होंने समारोह में उपस्थित फेडरेशन के सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि वे उनकी सभी समस्याओं का समाधान करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं शिक्षा मंत्री को आश्वस्त किया कि हम सब हरियाणा के विकास में अपना पूरा योगदान देते रहेंगे।

# कानून व्यवस्था को तो कायम रखना ही पड़ेगा : श्याम सिंह राणा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा रविवार को करनाल जिले के कस्बा घरौंडा में पहुंचे। उन्होंने किसानों को शंभू बॉर्डर पर रोके जाने को लेकर कहा कि कानून व्यवस्था को तो कायम रखना ही पड़ेगा। पिछली बार दिल्ली में एक साल से ज्यादा समय तक बॉर्डर बंद रहा, जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि किसानों को पीएम मोदी का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने किसानों की बात मानकर 3 कृषि कानूनों को वापस ले लिया। पीएम मोदी द्वारा कृषि कानूनों को वापस लिए जाने के बाद ही बार-बार भाजपा की सरकार बन रही है, क्योंकि देश का प्रधानमंत्री सूझबूझ वाला है। हर बात को समझता है।



कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से हर बार एमएसपी बढ़ाई जा रही है। सबसे ज्यादा धान और गेहूं ही सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीदा जाता है। केंद्र सरकार 121 लाख मीट्रिक टन अनाज हरियाणा और पंजाब से खरीदती है, जिसमें 50 लाख मीट्रिक टन अनाज हरियाणा का होता है और बाकी 71 लाख मीट्रिक टन अनाज पंजाब का होता है। सबसे ज्यादा पैसा भी पंजाब में जाता है और पंजाब के किसानों की खुशहाली का कारण भी एमएसपी ही है।

23 फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती है और 72 घंटे में किसान के अकाउंट में पैसे भी ट्रांसफर हो जाते हैं।

# राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका: हरविंद्र कल्याण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका है। मीडिया न केवल लोगों को जागरूक करता है, बल्कि उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाता भी है। हरविंद्र कल्याण आज यहां हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा वर्तमान दौर में मीडिया का बदलता स्वरूप विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता भी मौजूद थे।

पत्रकार संघ की ओर से मुख्य अतिथि ने दिवंगत पत्रकार परमजीत की विधवा को 2.25 लाख रुपये की सहायता राशि का चैक भेंट किया। स्पीकर ने कहा कि विधानपालिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका लोकतंत्र के चार प्रमुख स्तंभ हैं। चारों का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र व जनता की भलाई करना है। चारों स्तंभ एक-दूसरे के पूरक हैं।



उन्होंने कहा कि समय के साथ बदलाव जरुरी है। हर बदलाव कहीं न कहीं चुनौती लेकर आता है, लेकिन मर्यादा अथवा सीमा में रहकर इन चुनौतियों को पार करना होगा। इंसानियत के नाते भी हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करनी चाहिये।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कामयाबी के लिये शॉर्टकट न अपनायें। पत्रकारों से अपील की कि निष्पक्ष व स्वतंत्र ढंग से कार्य करते हुए लोगों तक सही जानकारी पहुंचायें। उन्होंने जरूरतमंद पत्रकारों के परिवारों को सहायता देने के लिये हरियाणा पत्रकार संघ का आभार जताया। करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि पत्रकार संघ द्वारा रखी गई मांगों का समर्थन करते हैं।

**चुनौतियां**

▶▶ मीडिया न केवल लोगों को जागरूक करता है, बल्कि उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाता भी है

पत्रकारों से यह उम्मीद भी करते हैं कि भविष्य में भी पहले की तरह स्नेह व सहयोग बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का सही को सही और गलत को गलत कहने से गुरेज नहीं करना चाहिये। राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। मीडिया जनता को जागरूक करने व उनके अधिकारों के लिए निरंतर सराहनीय कार्य करता रहता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पत्रकार साथियों से बातचीत भी की। पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि हर परिस्थिति में मर्यादा में रहकर कार्य किया जाए तो समाज में सम्मान बना रहता है। सकारात्मक बदलाव के लिये गंभीर चिंतन भी जरूरी है।

## संपादकीय

# लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती भरा कदम

**'वन नेशन,** वन इलेक्शन' बिल लोकसभा में सोमवार यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। अब फाइनेंशियल बिजनेस पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी। लोकसभा में जब कभी एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा, इस दिशा में देश एक कदम और बढ़ जाएगा। सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हालांकि एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है। उसका कारण है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हों पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण हैं। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग होने लगे। अलग-अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग-अलग चुनाव एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर-दिसंबर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही प्राथमिकता तय कर पाती है तब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई-जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रैल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते-निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई-कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते-आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है।

# सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस



–प्रियंका 'सौरभ'

> "पीठासीन अधिकारियों के लिए लंबे कार्यकाल सुनिश्चित करने से उन्हें अपनी नेतृत्व भूमिकाओं में विश्वास, स्थिरता और तटस्थता बनाने की अनुमति मिल सकती है। जर्मन बुंडेस्टैग अध्यक्ष का निश्चित कार्यकाल दीर्घकालिक नेतृत्व स्थिरता सुनिश्चित करता है, राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान भी पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने की धारणा को कम करता है। अध्यक्ष के निर्णयों की समीक्षा करने के लिए स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र शुरू करने से अधिक जवाबदेही सुनिश्चित हो सकती है और पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयों को रोका जा सकता है। पीठासीन अधिकारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें संसदीय कार्यवाही की जटिलताओं को निष्पक्ष रूप से संभालने के लिए आवश्यक कौशल से लैस कर सकते हैं। निष्पक्ष निर्णय लेने और संघर्ष समाधान पर केंद्रित नेतृत्व प्रशिक्षण अध्यक्ष को तटस्थता बनाए रखते हुए राजनीतिक दबावों को बेहतर ढंग से नेविगेट करने में मदद कर सकता है"



**विपक्ष आसन को निष्पक्ष देखना चाहता है, लेकिन पिछली लोकसभा के बाद जब 18वीं लोकसभा में भी राज्यसभा में चीजें नहीं बदलीं तो पिछले सत्र में प्रस्ताव लाने की चर्चा चलाकर विपक्ष ने कोई कड़ा कदम उठाने का संदेश देने की कोशिश की। संसद में पीठासीन अधिकारियों की भूमिका तटस्थता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि संसदीय कार्यवाही निष्पक्ष और निष्पक्ष तरीके से संचालित हो**

राज्यसभा में सभापति के खिलाफ विपक्ष खेमे ने अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया है। भारतीय संसद के इतिहास में यह पहला मौका होगा, जहां राज्यसभा में किसी सभापति के खिलाफ अविश्वास का नोटिस आया हो। दरअसल, यह मौका इसलिए सामने आया, क्योंकि सभापति के सदन में रुख से सभी विपक्षी दल नाखुश थे। विपक्ष का आरोप है कि सभापति हमेशा सत्तारूढ़ खेमे का पक्ष लेते हैं और विपक्ष की आवाज दबाते हैं। विपक्ष आसन को निष्पक्ष देखना चाहता है, लेकिन पिछली लोकसभा के बाद जब 18वीं लोकसभा में भी राज्यसभा में चीजें नहीं बदलीं तो पिछले सत्र में प्रस्ताव लाने की चर्चा चलाकर विपक्ष ने कोई कड़ा कदम उठाने का संदेश देने की कोशिश की। संसद में पीठासीन अधिकारियों की भूमिका तटस्थता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि संसदीय कार्यवाही निष्पक्ष और निष्पक्ष तरीके से संचालित हो। हाल ही में, विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव उठाया, जिसमें उन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया गया। यह स्थिति लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता के लिए प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं में निष्पक्षता बनाए रखने के महत्त्व को उजागर करती है। संसदीय कार्यवाही की तटस्थता बनाए रखने में संसद के पीठासीन अधिकारियों की भूमिका बहस में निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। पीठासीन अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है कि सभी सांसदों को, चाहे वे किसी भी पार्टी से सम्बद्ध हों, बहस में भाग लेने के समान अवसर दिए जाएँ। निर्णयों में निष्पक्षताः अध्यक्ष द्वारा किए गए निर्णय पक्षपातपूर्ण झुकाव के बजाय संसदीय प्रक्रियाओं पर आधारित होने चाहिए। अध्यक्ष को सरकार और विपक्ष के बीच संघर्षों में मध्यस्थता करनी चाहिए, शिष्टाचार बनाए रखते हुए रचनात्मक संवाद के लिए जगह बनानी चाहिए। एक तटस्थ पीठासीन अधिकारी संसद की अखंडता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है, लोकतांत्रिक बहस के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देता है। यदि अध्यक्ष को तटस्थ माना जाता है, तो संसदीय प्रणाली में विश्वास मजबूत होता है, जिससे स्वस्थ लोकतांत्रिक चचाओं को बढ़ावा मिलता है, जैसा कि यू.के. जैसे परिपक्व लोकतंत्रों में देखा जाता है।
संसदीय संस्था की वैधता की रक्षा के लिए पीठासीन अधिकारी को हमेशा निष्पक्षता का प्रदर्शन करना चाहिए। यदि अध्यक्ष को पक्षपाती माना जाता है, तो इससे संसदीय कार्यवाही में विश्वास कम हो सकता है और विधायी प्रक्रिया में जनता का विश्वास कम हो सकता है। अध्यक्ष के कार्यों में पक्षपात की धारणा के परिणामस्वरूप जनता में यह धारणा बन सकती है कि संसद को एक पार्टी के हितों की सेवा के लिए हेरफेर किया जा रहा है। पक्षपातपूर्ण अध्यक्ष संसद के भीतर राजनीतिक विभाजन को बढ़ा सकता है, जिससे सरकार और विपक्ष के बीच संघर्ष बढ़ सकता है।
ऐसे परिदृश्य में, सरकार और विपक्ष अध्यक्ष के निर्णयों को चुनौती देने के लिए चरम रणनीति का सहारा ले सकते हैं, जिससे संसद में अधिक शत्रुतापूर्ण और कम उत्पादक वातावरण बन सकता है। अध्यक्ष में कथित पक्षपात संसद की संस्था को ही कमजोर करता है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। यदि अध्यक्ष पक्षपातपूर्ण है, तो संसद के भीतर जवाबदेही के तंत्र विफल हो सकते हैं, जिससे अनियंत्रित कार्यकारी शक्ति की अनुमति मिलती है। यदि अध्यक्ष को किसी एक राजनीतिक दल के साथ गठबंधन करते हुए देखा जाता है, तो इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और राजनीतिक संस्थाओं के प्रति जनता का मोहभंग हो सकता है। पीठासीन अधिकारी की भूमिका के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश स्थापित करने से निर्णय लेने में निरंतरता और निष्पक्षता बनाए रखने में मदद मिलेगी। यू.के. संसद में, अध्यक्ष एक औपचारिक आचार संहिता का पालन करता है जो तटस्थता सुनिश्चित करता है, पक्षपात पर चिंताओं को दूर करने और संसदीय कार्यवाही में पारदर्शिता को बढ़ावा देने में मदद करता है। पीठासीन अधिकारियों के लिए लंबे कार्यकाल सुनिश्चित करने से उन्हें अपनी नेतृत्व भूमिकाओं में विश्वास, स्थिरता और तटस्थता बनाने की अनुमति मिल सकती है। जर्मन बुंडेस्टैग अध्यक्ष का निश्चित कार्यकाल दीर्घकालिक नेतृत्व स्थिरता सुनिश्चित करता है, राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान भी पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने की धारणा को कम करता है। अध्यक्ष के निर्णयों की समीक्षा करने के लिए स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र शुरू करने से अधिक जवाबदेही सुनिश्चित हो सकती है और पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयों को रोका जा सकता है। पीठासीन अधिकारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें संसदीय कार्यवाही की जटिलताओं को निष्पक्ष रूप से संभालने के लिए आवश्यक कौशल से लैस कर सकते हैं। निष्पक्ष निर्णय लेने और संघर्ष समाधान पर केंद्रित नेतृत्व प्रशिक्षण अध्यक्ष को तटस्थता बनाए रखते हुए राजनीतिक दबावों को बेहतर ढंग से नेविगेट करने में मदद कर सकता है। संसदीय समितियों और चचाओं में द्विदलीय सहयोग को बढ़ावा देने से निर्णय लेने के लिए अधिक संतुलित दृष्टिकोण को बढ़ावा मिल सकता है। संसदीय समितियों के भीतर अंतर-दलीय संवाद और सहयोग को प्रोत्साहित करने से मतभेदों को दूर करने में मदद मिल सकती है और यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकार और विपक्ष के बीच मध्यस्थता में अध्यक्ष तटस्थ रहें। संसदीय कार्यवाही की तटस्थता सुनिश्चित करने में संसद के पीठासीन अधिकारियों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए, अध्यक्ष के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना, द्विदलीय सहयोग को बढ़ावा देना और स्पष्ट दिशा-निर्देशों और लंबे कार्यकाल के माध्यम से निष्पक्ष नेतृत्व सुनिश्चित करना आवश्यक है।
दरअसल, इसके जरिए विपक्ष कहीं न कहीं संसद के दोनों सदनों में आसन को एक संदेश देना चाह रहा है कि अगर आसन निष्पक्ष नहीं दिखता है तो विपक्ष अपने संवैधानिक अधिकारों को इस्तेमाल करने में नहीं हिचकिचाएगा। पिछले सत्र में लोकसभा स्पीकर को लेकर भी राजनीतिक गलियारे में ऐसी चर्चा थी।

## कविता

**बड़ा ही महत्व है!**

घर में घरवाली का
ससुराल में साली का
गांव में नाली का
भोजन में थाली का
बड़ा ही महत्व है।

सब्जी में आलू का
बिहार में लालू का
जंगल में भालू का
सामान में घालू का
बड़ा ही महत्व है।

नाश्ते में चिल्ला का
गलियों में पिल्ला का
पहाड़ में टीला का
बड़ा ही महत्व है।

घर में कोना का
बच्चों में चोन्हा का
मिठाई में छेना का
बड़ा ही महत्व है।

कुश्ती में पहलवान का
लजीज पकवान का
बॉर्डर पर जवान का
बड़ा ही महत्व है।

बच्चों में शैतानी का
लड़कियों में जवानी का
बड़ा ही महत्व है।

बच्चों में पढ़ाई का
आपस में लड़ाई का
बेवजह धुनाई का
बड़ा ही महत्व है।

घर में चारपाई का
हिसाब पाई पाई का
ससुराल में घर जमाई का
बड़ा ही महत्व है।

गहने में सोने का
बच्चों में रोने का
जादू और टोने का
बड़ा ही महत्व है।

रिश्ता बरसों का
खेत सरसों का
समय आज, कल, परसों का
बड़ा ही महत्व है।

ठेले के चाट का
काशी के घाट का
बैठने में टाट का
बड़ा ही महत्व है।

पिटाई में डंडा का
पूजा में पंडा का
तिरंगा में झंडा का
मौसम में ठंडा का
बड़ा ही महत्व है।

तमाचे में चाटा का
व्यापार में घाटा का
खेत में पाटा का
कद में नाटा का
बड़ा ही महत्व है।।

**मनोज कौशल**

## एक चुनाव को लेकर विरोधाभास क्यो ?

**प्रेम शर्मा**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है। उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। लेकिन अभी भी कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। अब एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं। एक चुनाव को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष में काफी विरोधाभास है। लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है।
एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरूआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है।

## विचार

# शतरंज की दुनिया का नया नायक -डी गुकेश

**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारत के शतरंज** प्रेमियों के लिए वर्ष 2024 का लेखा - जोखा 18 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने सुनहरे अक्षरों में उस समय लिख दिया जब उन्होंने सिंगापुर में गत चैंपियन चीनी ग्रैंडमास्टर डिंग लिरेन को फिडे विश्व चैंपियनशिप में 14 बाजियों में मात दी और विश्व शतरंज के सबसे युवा चैंपियन बन गये।
क्लासिकल शतरंज की शुरूआती 13 बाजियों में 6.5-6.5 अंक से बराबरी पर चल रहे दोनों खिलाडियों को टाई ब्रेकर में जाने से बचने के लिए यह मैच किसी भी हाल में जीतना था और गुकेश ने यह बाजी अपने नाम करके इतिहास रच दिया। भारत के पूर्व शतरंज मास्टर विश्वनाथ आनंद के बाद डी गुकेश ऐसे दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह वैश्विक खिताब अपने नाम किया है। गुकेश के पूर्व पूर्व सोवियत संघ के गैरी कास्परोव ने 22 वर्ष की अवस्था में यह खिताब अपने नाम कर इतिहास रचा था जिसको 18 वर्षीय गुकेश ने ध्वस्त कर दिया है। यह ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के साथ ही डी गुकेश को 21.21 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। वर्ष 2024 शतरंज की दुनिया में भारत और डी. गुकेश के लिए बहुत ही शानदार रहा है। इस वर्ष गुकेश ने कैंडिडेट टूनार्मेंट जीतकर लिरेन को चुनौती देने का अधिकार प्राप्त किया और इस प्रकार वह विश्व चैंपियन को चुनौती देने वाले पहले सबसे युवा भारतीय बने। उन्होंने यह खिताब विश्व नंबर 2 कारुआना, विश्व नंबर तीन नाकामुरा और भारत के प्रागनानंदा की उपस्थिति में जीता। इसी वर्ष उन्होंने भारत को पहली बार चेस ओलंपियाड चैंपियन बनाया। गुकेश ने यहां शीर्ष बोर्ड पर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता।ओलम्पियाड में भारत ने महिला और ओपन दोनों वर्ग में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था।
इससे पूर्व डी गुकेश ने 2015 में एशियन स्कूल शतरंज चैपिंयनशिप ओर अंडर- 12 श्रेणी में 2018 में विश्व युवा शतरंज चैम्पियनशिप का अंडर -9 वर्ग जीता। गुकेश इससे पहले अंडर-12 व्यक्तिगत रेपिड और ब्लिटज अंडर -12 टीम रैपिड और ब्लिटज और अंडर 12 शास्त्रीय प्रारूपों में 2018 एशियाई युवा शतरंज में पांच स्वर्ण जीतकर इतिहास रच चुके हैं। वह मार्च 2018 में फ्रांस में 34वें ओपन डे कैंपले ला ग्रांडे शतरंज टूनार्मेंट के समापन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के सबसे युवा खिलाड़ी बने और अब वे विश्व चैंपियन हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 29 मई 2006 को हुआ, इनके पिता डा. रजनीकांत और माता डा. पद्मा हैं। गुकेश को बचपन से ही शतरंज खेलने का शौक था और उन्हें घर से बाहर जाना पड़ता था इसलिए उनके पिता ने अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। गुकेश की प्रारम्भिक शिक्षा उस विद्यालय में हुई है जहां से कार्तिकेयन, अरविंद चिदंबरम, प्रगनानंद जैसे ग्रैंडमास्टर निकल चुके हैं। गुकेश ने शतरंज का अभ्यास मात्र 7 वर्ष की अवस्था से ही आरम्भ कर दिया था और वह बचपन से ही शतरंज की दुनिया के नये सबसे युवा नायक बनना चाहते थे, अब उनका यह सपना पूरा हो चुका है। उनके विद्यालय कोच भास्कर ने उनकी प्रतिभा को पहचाना था और उन्हें प्रशिक्षण देना प्रारम्भ किया।
आज संपूर्ण भारत गुकेश को बधाई दे रहा है । राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अनेक राजनेताओं व हस्तियों ने उनको बधाई दी है। जीत के बाद गुकेश की आंखों में खुशी के आंसू थे और चेहरे पर मुस्कान।अपनी विजय के बाद डी गुकेश ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे बेहतरीन पल है। गुकेश का प्रदर्शन शतरंज के युवा भारतीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा की तरह काम करेगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अनावश्यक सीजेरियन प्रसव सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय

**डॉ.रामानुज पाठक**

**भारत में हर** पांच में से एक शिशु का जन्म ऑपरेशन के जरिए होता है और इनमें से अधिकतर सर्जरी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों की तुलना में निजी स्वास्थ्य केन्द्रों में की जाती हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है । ह्यद लैंसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया जर्नलह्न में प्रकाशित इस अध्ययन में नयी दिल्ली स्थित ह्यजॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थह्न के शोधकताओं ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें दौर में एकत्र किए गए 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों की 15-49 वर्ष की 7.2 लाख से अधिक महिलाओं के आंकड़ों का विश्लेषण किया। विभिन्न राज्यों में सिजेरियन या सी-सेक्शन प्रसव की दर में काफी भिन्नता पाई गई।नागालैंड में यह 5.2 फीसद है वहीं तेलंगाना में 60.7 फीसद तक है। अनुसंधान कताओं के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला है कि "भारत में उच्च आय और निम्न आय वर्ग में सरकारी केन्द्रों की तुलना में निजी प्रतिष्ठानों पर सीजेरियन प्रसव कराने की अधिक संभावना है।"सीजेरियन प्रसव (सीजेरियन सेक्शन या सी सेक्शन) एक महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रिया है, जो तब आवश्यक होती है जब सामान्य प्रसव से मां और बच्चे के स्वास्थ्य को खतरा हो। लेकिन पिछले कुछ दशकों में, सीजेरियन प्रसव की दर में अत्यधिक वृद्धि देखने को मिली है। भारत सहित कई देशों में, यह वृद्धि अनावश्यक रूप से की जा रही सीजेरियन प्रक्रियाओं के कारण हुई है। यह न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन चुका है।
वर्तमान समय में, भारत में अनावश्यक सीजेरियन प्रसव सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय है।सर्जरी से प्रसव, जिसे सिजेरियन सेक्शन (सी-सेक्शन) भी कहा जाता है, एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें गर्भवती महिला के पेट और गर्भाशय में चीरा लगाकर शिशु को बाहर निकाला जाता है।सामान्य प्रसव और सर्जरी से प्रसव (सिजेरियन सेक्शन) दोनों ही प्रसव के तरीके हैं, लेकिन दोनों में कुछ महत्वपूर्ण अंतर हैं।

## मुस्लिम और जातिवादी राजनीति में उलझे अखिलेश

**संजय सक्सेना**

समाजवादी पार्टी के पास अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिये काफी कम विकल्प बचे हैं। इन्हीं विकल्पों में से जो दो सबसे खास हैं। उसी के तहत सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम और जातिवाद की राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। लगता है कि यूपी के उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद भी अखिलेश ने कोई सबक नहीं लिया है,यदि सबक लिया होता तो संसद के शीतकालीन सत्र में वह जातिगत जनगणना की मांग पर जोर नहीं देते। हिन्दुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा को अनदेखा करके मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत के लिये संभल-संभल नहीं चिल्लाते। समाजवादी पार्टी ने कुछ माह पूर्व हुए आम लोकसभा चुनाव में पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) के सहारे जो ह्यकरिश्माह्न किया था, वह यूपी के उप चुनाव में पूरी तरह से धाराशायी हो गया। नौ की नौ सीटों पर जीत का दावा कर रहे अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी उप चुनाव में दो सीटों पर सिमट गई। इसमें से भी एक सीट उनके परिवार के सदस्य की थी, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में वह नौ में से पांच सीटें जीतने में सफल रही थी। अखिलेश के लिये सबसे अधिक चिंताजनक हार मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी विधानसभा की रही। यहां की हार के बाद अब सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या मुसलमानों का अखिलेश के प्रति मोह कम हो रहा है।
ऐसा इस लिये भी कहा जा रहा है क्योंकि कुंदरकी में मुसलमानों ने सपा के मुस्लिम प्रत्याशी को अनदेखा करके बिना हिचक बीजेपी के हिन्दू प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। कुंदरकी में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। रामवीर सिंह ने सपा के उम्मीदवार मोहम्मद रिजवान को हराकर कुंदरकी सीट पर विजय प्राप्त की। रामवीर सिंह को 168526 वोट जबकि रिजवान को 25334 वोट मिले। रामवीर ने सपा के उम्मीदवार को 143192 यानी करीब डेढ़ लाख वोटों से हराया।उपचुनाव के नतीजों से ये भी साफ हो गया कि अखिलेश का गठबंधन को तरजीह ना देना भारी पड़ गया।

## न्यूज फ्लैश

### सरदार बल्लभ भाई पटेल ने हमेशा देश की एकता को सबसे ऊपर रखा: आजाद दांगी

गोहाना/बलराम

रोहतक रोड स्थित वोपड़ा कालोनी में सरदार बल्लभ भाई पटेल को पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मे श्रद्धांजलि दी । मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी एवं लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल ने हमेशा देश की एकता को सबसे ऊपर रखा। उनका पूरा जीवन देश की एकता व अखंडता के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण किया। अध्यक्षता सेवानिवृत्त उप अधीक्षक जगदीश चांदीवाल ने की। उन्होंने कहा सरदार पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे। वे दृढ़ निश्चय के लिए जाने जाते हैं। वे निर्णय लेने में अडिग थे और किसी भी बाधा से घबराते नहीं थे। 15 दिसंबर 1950 को उनका निधन हो गया। इस मौके पर मुख्तार सिंह दांगी, जगदीश पटवा, कृष्ण लाल पांचाल, बिट्टू सहरावत, रविंद्र सैनी, सचिन कश्यप, बबलू प्रजापत, योगेश सैनी मौजूद रहे।

### गलत लेन में वाहन चलाने पर दो चालकों पर केस दर्ज

गोहाना/बलराम

यातायात पुलिस ने रोहतक-पानीपत हाईवे पर बार-बार लेन बदलने वाले वाहनों के चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने हाईवे पर दो ट्रक चालकों को गलत लेन में वाहन चलाते हुए पकड़ा और उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शनिवार को रोहतक-पानीपत हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। रोहतक की तरफ से एक ट्रक आया, जिसे पुलिस ने रोककर वाहन के रिकॉर्ड की जांच की। इस वाहन पर सात बार गलत लेन पर चलने पर चालान किए जा चुके थे। इस बार चालक गांव रिठाल का नरेश वाहन चला रहा था। पुलिस ने चालक पर थाना बरोदा में मुकदमा दर्ज किया है। रविवार को पुलिस गांव बड़ौता के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पानीपत की तरफ चालक कैंटर को गलत लेन में चलाता आया। इस वाहन के चालान पेज पर पहले तीन बार चालान हो चुके थे। चालक जिला भिवानी के गांव खानक के विनोद के खिलाफ थाना सदर में मुकदमा दर्ज किया है।

### विश्व मानव रूहानी केंद्र ने निशुल्क चिकित्सा निरीक्षण शिविर लगाया



पानीपत , ( कमाल हुसैन ) विश्व मानव रूहानी केन्द्र पंजीकृत एक परोपकारी एवं अध्यात्मिक संस्था है। यह संस्था संत बलजीत सिंह द्वारा सिखाए गए नैतिक जीवन अध्यात्मिकता और ध्यानाभ्यास पर आधारित कार्यक्रमों और जन कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के समाज सेवी कार्यों का आयोजन करती है। इसी संदर्भ में रविवार को विश्व मानव रूहानी केन्द्र शाखा समालखा के द्वारा अजित भट्ठा गाँव आटा जिला पानीपत में नि:शुल्क चिकित्सा निरीक्षण शिविर लगाया गया। इस शिविर में 70 मरीजों का अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा निरीक्षण किया गया और इस दौरान चिकित्सक के परामर्श अनुसार उन्हें नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई।

### गीता पाठ व हवन यज्ञ पूर्ण आहुती के साथ हुए संपन्न: उपेंद्र सिंघल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहली बार 18 दिन तक लगातार घाटों पर गीता पाठ और हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। यह हवन यज्ञ पूर्ण आहुति के साथ संपन्न हुए। इन हवन यज्ञ और गीता पाठ के उपदेशों की गूंज से पवित्र ब्रह्मसरोवर पर रोजाना सुनाई दी।

# केंद्रीय मंत्री के संसदीय कार्यालय का लघु सचिवालय में हुआ उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का साँसददीय कार्यालय लघु सचिवालय से शुरू।

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का साँसददीय कार्यालय लघु सचिवालय में हवन यज्ञ के साथ शुरू हुआ। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रों से यज्ञ किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने मुख्य यज्ञमान के रूप में आहुतियां दी। उसके बाद गजेंद्र सलूजा ने पांचवीं मंजिल पर कमरा संख्या 521 में अपना स्थान ग्रहण कर जनता के काम करने शुरू किए। इस अवसर पर गजेंद्र सलूजा ने कहा कि जनता की सुविधा के लिए माननीय केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का साँसददीय कार्यालय लघु सचिवालय में शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग अपने अपने कामों लघु सचिवालय तथा स्थानीय न्यायालय परिसर में आना होता है इसलिए लोगों को



अपनी समस्या के समाधान के लिए लघु सचिवालय में ही मिलना आसान तथा सुविधाजनक होगा। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि जिस मनोहर लाल ने मुख्य मंत्री रहते हुए ऐसी व्यवस्था खड़ीं की कि लोगों को घर बैठें राशनकार्ड,जाति प्रमाण पत्र तथा बुढ़ापा पेंशन आदि सुविधा घर बैठें लोगों को मिले। लड़कियों को शिक्षा के लिए घर से अधिक दूर ना जाना पड़े इसलिए20 किलोमीटरों के दायरे में महिला कालेज खोलने का निर्णय लिया तथा हर प्रदेशवासी को स्वास्थ्य सुविधा केलिए अधिक दूर ना जाना पड़े इसलिए हर जिले में मेडिकल कालेज निर्णय लिया था उसी तर्ज पर लोगों की सुविधा के लिए आज लघु सचिवालय में ये

**जनसुविधा**

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने मुख्य यज्ञमान के रूप में आहुतियां दी**

कार्यालय शुरू किया गया है ताकि आम जनता आराम से यहां पहुंच सके।

गजेंद्र सलूजा ने कहा कि मनोहर लाल को मंत्री के रूप में देश भर में जाना होता है वो सभी हम समाचार माध्यमों से जान भी पा रहे है। देश प्रथम है इसलिए वो पूरे देश में घूम घूम कर अपने मंत्रालय से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ले रहे ताकि उनका सही तरीका से समाधान हो सके।

### विजय ने जैवलिन थ्रो में जीता गोल्ड मेडल

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत: मूल रूप से पानीपत के गांव आट्टा निवासी (हाल निवासी मुखीजा कालोनी पानीपत) विजय गाहल्याण ने चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता है। अब वह जनवरी में केरल में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने 40 प्लस आयु कैटेगरी में भाग लिया।

विजय गाहल्याण नेशनल जैवलिन थ्रो टनामेंट में चार स्वर्ण, एक रजत व एक ब्रांच मेडल जीत चुके हैं। स्टेट टूर्नामेंट में आठ स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। जूनियर नेशनल में कांस्य पदक जीत चुके हैं। वे सूचना, लोक संपर्क एवं संस्कृति विभाग में चंडीगढ़ में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। बता दें कि विजय गाहल्याण को बचपन से कुश्ती का शौक था। अंतरराष्ट्रीय कोच प्रेम सिंह आतिल से कुश्ती के टिप्स सीखें। उन्होंने जिला व



राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भी कई पदक जीते। चोट लगने के बाद उनका कुश्ती का खेल छूट गया था। इसके बाद उन्होंने पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में कोच ओपी सिंहमार के पास जैवलिन थ्रो का अभ्यास शुरू किया और 3 महीने के अभ्यास के दौरान ही नेशनल जूनियर नेशनल जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता। उसे दौर में पदक जीतने वाले पानीपत के अपने ग्रुप के पहले जैवलिन थ्रोअर थे। पत्रकारिता के साथ-साथ उन्होंने जैवलिन खेल को भी जारी रखा।

### कुरुक्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में भी आने वाले समय में होंगे गीता संवाद

दलबीर मलिक
कुरुक्षेत्र :
कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहली बार गीता संवाद में पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों के प्रचार-प्रसार को लेकर मंथन और चिंतन किया गया। इस गीता संवाद में सभी विषय विशेषज्ञों का एक मत सामने आया कि प्रथम चरण में कुरुक्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को लेकर गीता संवाद किया जाए।अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में रविवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग आरती स्थल पर केडीबी और केयूके के संयुक्त तत्वाधान में गीता संवाद का आयोजन किया गया।

# धमाकेदार सोलो डांस कंपटीशन का होगा आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत: पी पी इवेंट्स के द्वारा पानीपत के शक्ति डांस स्टूडियो में सोलो डांस कंपटीशन को लेकर की गई प्रेसवार्ता आपको बता दे कि पीपी इवेंट्स और पूरी टीम के द्वारा एक बार फिर से पानीपत में एक धमाकेदार सोलो डांस कंपटीशन का आयोजन होने जा रहा है जो आने वाली तारीख 29 दिसंबर दिन रविवार सुबह 10:00 बजे पानीपत के लायंस गार्डन इंडस्ट्रियल एरिया नियर हाली पार्क में होगा। इस कंपटीशन में दो ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें जूनियर ग्रुप 5 से 14 साल और सीनियर ग्रुप 15 साल से ऊपर बनाया गया है कंपटीशन में 20000/- तक के प्राइस रखे गए हैं जो दोनों ग्रुप में फर्स्ट, सेकंड, थर्ड और कंसोलेशन



प्राइस में डिवाइड किया जाएगा। जो बच्चे कंपटीशन में प्राइस नहीं निकाल पाते हैं तो उन बच्चों के लिए जूनियर कैटेगरी में पांच टॉप बच्चों के लिए गिफ्ट हैंपर और सीनियर कैटेगरी में भी टॉप 5 बच्चों के लिए गिफ्ट हैंपर होंगे और साथ ही साथ आपको बता दे जो बच्चे किसी प्रकार का प्राइस भी नहीं जीत पाएंगे उन बच्चों को भी निराश होने की जरूरत नहीं है। उन बच्चों को भी मेडल और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे कंपटीशन की फीस मात्र 2500 है अगर आप कंपटीशन में भाग लेना चाहते हैं तो आप ऑनलाइन ऑडिशन दे सकते हैं जिसके लिए। आप इस नंबर पर 7988310383 अपना 1 से 2 मिनट का डांस वीडियो बनाकर भेज सकते हैं पूरे कंपटीशन को जज करने के लिए बॉलीवुड कोरियोग्राफरअटक्ळ टप्ळ्ळ्ड आ रहे हैं जो कई बॉलीवुड मूवी कोरियोग्राफर को असिस्ट कर चुके हैं साथ ही काफी सारे पंजाबी एल्बम में काम कर चुके हैं आपको बता दें कि अटक्ळ टप्ळ्ळ्ड चंडीगढ़ में ट. अ ऊ्ळठड् रळवडक के नाम से एकेडमी चलते हैं जहां पर पूरे ऑल इंडिया से लोग उनसे डांस के गुर सीखने आते हैं। इस मौके पर पी पी इवेंट्स के डायरेक्टर प्रदीप प्रे, शक्ति भारद्वाज, ज्योति डगर, लक्ष्मी वशिष्ठ, रिंकू कश्यप, अनिल जाटव, अजय कश्यप, अनिल शर्मा, नवीन मुंजल, सुदेश शर्मा, प्रिंस शर्मा, आशु वसन, देव, ज्योति शर्मा, सुनील मंडल,अनन्य प्रे, विक्रम नेहरा, अंकुश बंसल, मनोज रहेजा और अनु दुहन आदि मौजूद रहे।

### कंबाइन बेचने के नाम पर 7.90 लाख की ठगी



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। जिले में एक व्यक्ति से कंबाइन खरीद के नाम पर 7.90 लाख रुपए ठग लिए। इसमें 6.95 लाख का लोन और 1.65 लाख रुपए पेंडिंग पेमेंट शामिल है। मामला नबीपुर गांव का है।

पीड़ित ने अपनी कंबाइन स्टौंडी गांव के व्यक्ति को बेची थी। कंबाइन श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी के लोन पर थी। आरोपी ने पीड़ित को न तो पूरी पेमेंट दी और न ही लोन की बकाया राशि चुकाई। पीड़ित ने एसपी को शिकायत दी। डीएसपी ने मामले की जांच की और आरोप सही पाए गए। इसके बाद बीती देर रात कुंजपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता जोगिंद्र कुमार ने बताया कि उसने 31 अक्टूबर 2023 को अपनी कंबाइन बलविंद्र कुमार को 11.50 लाख रुपए में बेची।

# स्कूली गेम में गोल्ड मेडल विजेता कीर्ति पहल का किया भव्य स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। झारखंड अमरावती में हुई स्कूली गेम कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 में सीएमआर कबड्डी एकेडमी की खिलाड़ी ने हरियाणा की टीम में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतकर गांव का नाम रौशन किया है। कीर्ति पहल का गन्नौर में पहुंचने पर सीएमआर अकेडमी की तरफ से विशाल स्वागत किया गया। जीटी रोड से एकेडमी तक उन्हें जुलूस के स्वरूप में ढोल नगाड़ों के साथ खुली जीप में उनके कोच के साथ कर ले जाया गया। शहर में जगह जगह पर उनका खेल प्रेमियों ने भी



स्वागत किया। खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। अकादमी के संचालक व विजेता खिलाड़ी कीर्ति पहल के पिता इंद्र पहल ने बताया कि कीर्ति गन्नौर के रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा है और उन्हें स्कूल की तरफ से खेलों में भाग लेते हुए हरियाणा की

**अभिनंदन**

**कीर्ति पहल का गन्नौर में पहुंचने पर सीएमआर अकेडमी की तरफ से विशाल स्वागत किया गया।**

अंडर 14 लड़कियों की कबड्डी टीम में अपना प्रतिनिधि तो करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया है। कीर्ति अकादमी की बहुत ही अच्छी खिलाड़ी है इससे पहले भी कीर्ति ने विभिन्न प्रतियोगिता में पदक जीतकर स्कूल व एक एकेडमी का नाम रोशन किया है। कृति पहल की गेम में शुरुआत की कोक रही बबीता ने बताया कि कीर्ति बचपन से ही कबड्डी की बहुत अच्छी खिलाड़ी है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि एक दिन वह बेहतर प्रदर्शन करते हुए हरियाणा का नाम विदेश में भी रोशन करेगी। पदक विजेता खिलाड़ी कीर्ति पहल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एकेडमी व रौनक पब्लिक स्कूल का नाम रोशन करने की उनकी इच्छा है इसके लिए वह स्कूल में अपनी शिक्षा के साथ एके-डमी में प्रतिदिन प्रैक्टिस करती है।

# 'जरूरतमन्द की सेवा भगवान की सेवा'

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन ) समाज सेवा संगठन की ओर से 15 दिसंबर रविवार को राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद मेहराना में आस पास में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों बुजुर्गों व महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत योगेश गोयल ने की संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन हर वर्ष झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों बुजुर्ग महिलाओं व स्लिम बस्तियों में रहने वाले बच्चों बुजुर्ग महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण करता है और 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत की थी उसी के तहत आज राधा



स्वामी सत्संग भवन दिनोद मेहराना में आस पास में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों बुजुर्गों व महिलाओं को शाल जैकेट सूट वितरण किए जैन ने बताया सर्दी शुरू हो चुकी है हम और हमारे बच्चे घरों में रहते हैं और सभी सुख सुविधा होने के बावजूद सर्दी नहीं जाती और खुले आसमान के नीचे झुग्गी झोपड़ी में छोटे छोटे बच्चे बुजुर्ग और महिलाए रहती हैं और स्लिम बस्तियों में भी जरूरत मन्द रहते है हम सबका दर्ज बनता हैं हम उनका सहयोग करे उसी को देखते हुए समाज सेवा संगठन सभी के सहयोग से गर्म कपड़े वितरण अभियान चलाता रहता है।

### दो महिलाएं छीनाझपटी का शिकार

फतेहाबाद। जिले के टोहाना और फतेहाबाद शहर में दो महिलाओं के साथ बाइक सवार युवकों द्वारा छीना झपटी करने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में रविवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पहले मामले में टोहाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 15, भूना रोड, टोहाना निवासी नरेश कुमार ने कहा है कि उसकी पत्नी मिंटू रानी गत दिवस बराड़ चौक से सामान लेकर वापस घर आ रही थी। जैसे ही वह पप्पू केक वाले की दुकान के पास पहुंची तो इसी दौरान मोटरसाइकिल पर आए दो युवक उसके गले से करीब डेढ़ तोले सोने की चैन व लॉकेट तोड़कर मौके से फरार हो गए।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत शनिवार को सीआईए वन पुलिस की एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर 18 में निजामपुर नाला पुलिया के पास मौजूद थी।

पुलिस टीम को इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध किस्म का युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस



मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान वसेयब उर्फ सोयब पुत्र जोहर हसन निवासी गडी मिया शामली यूपी के रूप में बताई।

**काबू**

**टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर 18 में निजामपुर नाला पुलिया के पास मौजूद थी**

पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिले। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका। प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने उक्त देसी पिस्तौल शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में यूपी के शामली के गढ़ी दौलत गांव निवासी फुरकान नाम के युवक से एक सप्ताह पहले 7 हजार रुपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। शनिवार को आरोपी वसेयब उर्फ सोयब अवैध देसी पिस्तौल को बेचने के लिए निजामपुर नाला पुलिया के पास ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। उसको सीआईए वन पुलिस ने अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध देसी पिस्तौल को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर रविवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया।

# मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन ) एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी पानीपत और कॉलेज एनएसएस यूनिट्स के संयुक्त मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे थैलेसीमिया के 70 मरीजों के साथ कॉलेज की एनएसएस यूनिट्स के स्वयंसेवकों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में बतौर अति-विशिष्ट अतिथि डॉ जेएस अरोड़ा जनरल सेक्रेटरी नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी, डॉ संदीप गुप्ता राजीव गाँधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर दिल्ली, डॉ वीपी चौधरी एम्स दिल्ली, डॉ योगेश मल्होत्रा सीनियर मैनेजर दतेरी, विक्रांत महाजन प्रधान थैलेसीमिया





वेलफेयर सोसाइटी पानीपत, शिवाली चावला जनरल सेक्रेटरी और साहिल चावला कोषाध्यक्ष ने शिरकत की । उनके साथ सदस्य अभिषेक, दलजीत, पायल, श्वेता, सोनिया, गरिमा एवं संदीप मलिक और अभिलक्ष्या एवं योगित भी कैंप का हिस्सा बने । मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और एनएसएस अधिकारी डॉ राकेश गर्ग ने पुष्प-गुच्छ के साथ किया किया । आक के शिविर में लगभग 70 थैलेसीमिया ग्रस्त मरीजों की जांच की गयी और उनसे अन्य मरीजों को जागरूक कराने की शपथ भी दिलाई गयी । एनएसएस स्वयंसेवकों ने म्यूजिकल चेयर और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज को जागरूक

**रक्तदान महादान**

**थैलेसीमिया बच्चों को माता-पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला ब्लड डिसऑर्डर है**

करने का कार्य भी किया ।

डॉ वीपी चौधरी ने कहा कि थैलेसीमिया बच्चों को माता-पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला ब्लड डिसऑर्डर है । इस रोग के होने पर शरीर की हीमोग्लोबिन निर्माण प्रक्रिया बाधित होती है जिसके कारण एनीमिया के लक्षण दिखाई देते हैं । इसकी पहचान तीन माह की आयु के बाद होती है । इसमें रोगी बच्चे के शरीर में खून की भारी कमी होने लगती है जिसके कारण उसे बार-बार बाहर से खून की आवश्यकता पड़ती है । थैलेसीमिया दो प्रकार का होता है।

यदि पैदा होने वाले बच्चे के माता-पिता दोनों के जीन्स में माइनर थैलेसीमिया होता है तो बच्चे में मेजर थैलेसीमिया हो सकता है जो काफी घातक हो सकता है । किन्तु माता-पिता में से एक में ही माइनर थैलेसीमिया होने पर किसी भी बच्चे को कोई खतरा नहीं होता है । यदि माता-पिता दोनों को माइनर रोग है तब भी बच्चे को यह रोग होने की 25 प्रतिशत संभावना है । अतः यह जरूरी है कि विवाह से पहले महिला-पुरुष दोनों अपने खून का टेस्ट अवश्य कराएं।

# छात्र डॉ. बी.आर. अम्बेडकर मेधावी छात्रवृति योजना का उठाए लाभ: पार्थ

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
अम्बाला: उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ. बी.आर. अम्बेडकर मेधावी छात्रवृति योजना वित्त वर्ष 2024-25 के लिये ऑनलाईन आवेदन किये जा रहें है। इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों द्वारा 28 फरवरी 2025 तक आवेदन ऑनलाईन भरे जा सकते हैं, जिसमें अनुसूचित, टपरीवास एवं घुमन्तु जाति के 10वीं कक्षा, 12वीं कक्षा और स्नातक कक्षा के छात्र व छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं केवल 10वीं कक्षा के लिये आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि छात्रवृति प्राप्त करने के लिये 10 कक्षा पास अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं जो ग्रामीण क्षेत्र से हैं, उनके 60 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिये 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक होने चाहिए। पिछड़े वर्ग-बी व सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं जो ग्रामीण क्षेत्र से हैं, उनके 75 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिये 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक होने चाहिए। उन्होंने बताया कि 12वीं के अनुसूचित जाति के ग्रामीण छात्रों के 70 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के छात्रों के 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक होने चाहिए। इसी प्रकार स्नातक के अनुसूचित जाति के ग्रामीण छात्रों के 60 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के छात्रों के 65 प्रतिशत या इससे अधिक अंक होने चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये मूल दस्तावेज स्कैन करके सरल अंत्योदय की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा।

## न्यूज फ्लैश

### जाली कागजातों का इस्तेमाल करके बिजली मीटर अपने नाम करवाने की आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने जाली कागजातों का इस्तेमाल करके बिजली मीटर को अपने नाम पर करवाने की वारदात में शामिल एक आरोपित महिला सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जयप्रकाश निवासी मुंडका दिल्ली व दिल्ली निवासी महिला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मुंडका दिल्ली निवासी दिनेश ने गत 26 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि कुंडली स्थित प्लॉट के लिए आरोपितों ने नकदी हस्ताक्षर कर व अन्य नकली कागजात का प्रयोग करके अपने नाम से बिजली का मीटर करवाया लिया। उसके बाद से धोखाधड़ी कर आरोपितों ने मीटर लगा लिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक महावीर की टीम ने आरोपित जय प्रकाश व एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी किया दायर

नोएडा। भारत में लैपटॉप और डेस्कटॉप का सबसे बड़ा रिफर्बिशर जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड भारत में और वैश्विक स्तर पर और भारत, अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और यूएई में महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ, वैल्यू के संदर्भ में 31 मार्च, 2024 तक आईसीटी उपकरणों का सबसे बड़ा रिफर्बिशर है। आईपीओ में 2 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 825 करोड़ तक है और 2 अंकित मूल्य वाले 9,700,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में शरद खंडेलवाल द्वारा 35,000 इक्विटी शेयर, विधि शरद खंडेलवाल द्वारा 35,000 इक्विटी शेयर और एमिएबल इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 9,630,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ब्रांड "इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार" के तहत काम करता है,

electronics bazaar.com GNG ELECTRONICS LIMITED

जो पूरे नवीनीकरण मूल्य श्रृंखला में मौजूद है, यानी सोर्सिंग से लेकर नवीनीकरण, बिक्री, बिक्री के बाद की सेवाओं और वारंटी प्रदान करना। लैपटॉप, डेस्कटॉप, टैबलेट, सर्वर, प्रीमियम स्मार्टफोन, मोबाइल वर्कस्टेशन और एक्सेसरीज जैसे आईसीटी उपकरणों के नवीनीकरण की कंपनी की व्यापक प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि ऐसे उपकरण प्रदर्शन और सौंदर्य दोनों के मामले में नए जैसे ही हों, और नए उपकरणों की कीमत पर लैपटॉप और डेस्कटॉप, टैबलेट, सर्वर, प्रीमियम स्मार्ट फोन, मोबाइल वर्कस्टेशन और एक्सेसरीज जैसे अन्य उपकरणों को नए उपकरणों की कीमत के 35-50% पर पेश करने में सक्षम हैं। कंपनी मरम्मत-से-प्रतिस्थापन दृष्टिकोण का पालन करती है, जो लागत लाभ प्रदान करता है।

# सब डवीजन नारायणगढ़ में नैशनल लोक अदालत आयोजित

**अपराधिक किस्म के 706 केस रखे गए जिनमें से 551 केसों का निपटारा हुआ**

**निपटारा**

**▶▶ बैंक रिकवरी के 1512 केस रखे गए थे जिनमें से 1378 केसों का निपटारा किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कंचन माही माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला की अध्यक्षता में जिला न्यायलय, अम्बाला व सब डवीजन, नारायणगढ़ में नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि लोक अदालत के मद्देनजर उपयुक्त इंतजाम किए गए थे। सभी लोगों ने जोकि लोग अदालत में आए उन्होंने अपने केस न्यायल्य के सामने रखे। इस लोक अदालत में कुल सात बेंच लगाए गए थे जिसमें सभी प्रकार के केस जिसमें मुख्यत चेक बाउंस सम्बंधित केस, पारिवारिक मसलों के केस, आपराधिक मामले, वाहन मोटर अधिनियम के केस, चालान, फौजदारी, व दीवानी मुकदमें रखे गए। इस लोक अदालत में जिला अम्बाला व सब डवीजन नारायणगढ़ की सात अदालतों में स्पेशल बेंच बनाकर लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 19949 मुकदमें रखे गए और 11777 मुकदमों का निपटारा हुआ। मोटर वाहन दुर्घटना के मुकदमों में रूपए 91,50,000/- की धनराशि का निपटारा हुआ। श्री प्रवीण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 1512 केस रखे गए थे जिनमें से 1378 केसों का निपटारा किया गया, अपराधिक किस्म के 706 केस रखे गए जिनमें से 551 केसों का निपटारा हुआ, इलेक्ट्रिसिटी के 241 केस रखे गए जिनमें से 241 केसों का निपटारा हुआ, भूमि अधिग्रहण का 01 केस रखा गया जिनमें से 01 केस का निपटारा हुआ। मोटर वाहन दुर्घटना के 223 केस रखे गए जिनमें से 25 केसों का निपटारा हुआ, वैवाहिक किस्म के 137 केस रखे गए जिनमें से 93 केसों का निपटारा हुआ, चेक बाउंस के 859 केस रखे गए जिनमें से 802 केसों का निपटारा हुआ, अन्य दीवानी किस्म के 2231 केस रखे गए जिनमें से 533 केसों का निपटारा हुआ, रेवेन्यू किस्म के 4036 केस रखे गए जिनमें से 4036 केसों का निपटारा हुआ वा अन्य किस्म के 10003 केस रखे गए जिनमें से 4117 केसों का निपटारा हुआ। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबाला के सौजन्य से राष्ट्रीय लोक अदालत में एक एग्जिबिशन का आयोजन किया गया जिसमें पीएलवी राकेश अग्रवाल ने अपनी सेवाएं देते हुए लोगों को विभिन्न ट्रैफिक रूल्स के बारे में जानकारी दी। श्री प्रवीण ने लोगों से अपील की, कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें वा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। लोक अदालत के मद्देनजर लोगों को एक जल्दी न्याय की उम्मीद थी जो की लोगों को इस लोक अदालत के माध्यम से दिया गया। इस लोग अदालत में लोग काफी खुश नजर आए। उन्होंने यह आग्रह किया कि लोक

# संस्था रक्तदान शिविर लगाकर दे रही है मानव सेवा का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** गीता जयंती में जन सहयोग संस्था रक्तदान शिविर लगाकर दे रही है मानव सेवा का संदेश। 28 नवंबर से कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के तट पर चल रहे सरस एवं शिल्प मेले में जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र एवं संस्था के समस्त सदस्यों की देखरेख में संस्था लगातार मानव सेवा के कार्य में जुटी हुई है। जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के लिए संस्था द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है जिसमें 501 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जो की रविवार को लगभग पूरा हो गया है। जन सेवा संस्था गीता जयंती देखने आए पर्यटकों को मुफ्त में फर्स्ट एड किट मुहैया करवा रही है, रात को ब्रह्मसरोवर पर रात्रि विश्राम करने वालों के लिए मुफ्त में बिस्तर आदि उपलब्ध करवा कर जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने का बेहतरीन कर्य कर रही है। संस्था द्वारा पानी की छबील लगाकर पर्यटकों को पानी उपलब्ध करवा कर जल सेवा का सराहनीय कार्य कर रही है। गीता जयंती पर आए लोगों को मुफ्त में फिजियोथैरेपी की सेवाएं भी उपलब्ध करवा रही है। जन सहयोग संस्था द्वारा बूथ नंबर 501 पर चलाए जा रहे रक्तदान शिविर का नजारा देखते ही बनता है। रक्तदान शिविर में पुरुष, स्त्री, नवयुवक स्वेच्छा से भारी संख्या में रक्तदान करने के लिए आ रहे हैं। संस्था की तरफ से रक्तदानियों को रक्तदान उपरांत रिफ्रेशमेंट दी जाती है। रक्तदान करने वालों में पुलिस व सेना के जवानों, सफाई कर्मचारियों, शिक्षा विभग के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है।

# दुकान के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज, जांच जारी

**जांच में तेजी**

**▶▶ दुकान से घर जाने के लिए निकला। उसी दौरान दुकान के बाहर खड़ी बाइक गायब मिली**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी सड़क मार्ग से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गली नंबर-7 निवासी गोविंद ने बताया कि गत 12 दिसंबर को बाइक पर दुकान पर पहुंचा। उसके बाद दुकान से घर जाने के लिए निकला। उसी दौरान दुकान के बाहर खड़ी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नवीन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# मोक्ष प्रदायिनी मां गंगा की निर्मलता और अविरलता ही हमारा संकल्पः गिरीश

**पर्यावरण संदेश**

**▶▶ 'गंगा समग्र' हरियाणा प्रांत का प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन 22 दिसंबर को**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जल-तीर्थों की अविरलता और निर्मलता के लिए संकल्पित संगठन 'गंगा समग्र' की एक आवश्यक बैठक बीघल में आयोजित की गई। बैठक में मार्गदर्शन करते हुए गंगा समग्र' के राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख गिरीश चतुर्वेदी ने कहा कि गंगा माता मोक्ष प्रदायिनी, जीवन दायिनी के साथ ही हमारी राष्ट्रीय और सांस्कृतिक पहचान भी हैं। उन्होंने कहा कि गंगा समग्र ने देश के हर जल तीर्थ को अविरल और निर्मल बनाने का संकल्प लिया है। बैठक में गंगा और अन्य जल तीर्थ के स्वच्छता अभियान में लोग सामाजिक कार्यकर्ताओं के संगठन 'गंगा समग्र' के हरियाणा प्रांत का प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन सोनीपत में करने का निर्णय लिया गया। गिरीश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन आगामी 22 दिसंबर को श्री राम कृष्ण साधना केंद्र, मुरथल में दिन में 11 बजे से 4 बजे तक होगा। प्रांतीय अभ्यास वर्ग में 'गंगा समग्र' के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामाशीष व श्री राम कृष्ण साधना केंद्र, मुरथल के पीठाधीश्वर स्वामी दयानंद सरस्वती सामाजिक कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली प्रांतीय अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे, जबकि अध्यक्षता जिला के संघचालक डॉ. मनोज राय करेंगे। बीघल में संजय मलिक के आवास पर संपन्न हुई विशेष बैठक की अध्यक्षता हरियाणा प्रांत के संयोजक संजय वशिष्ठ ने की, जबकि संचालन सतपाल शर्मा ने किया। राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख गिरीश चतुर्वेदी ने कहा कि सोनीपत में प्रांतीय अभ्यास वर्ग के आयोजन को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है। उन्होंने कहा कि 'गंगा समग्र' नदियों को लोकमाता और तटों को तीर्थस्वरूप की प्रतिष्ठा प्रदान करने के ध्येय को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है।

# गुरुओं के सत्संग से आचार-विचार शुद्ध होता हैः आचार्य

**टीम एक्शन इंडियचा**
**राई (सोनीपत)।** आचार्य श्री 108 विशोक सागर जी महाराज ने कहा है कि जो भक्त गुरुओं को विहार करवाता है, संतों की भोजनचर्या में भाग लेता है और तन, मन समर्पित करता है वही मोक्ष गति को प्राप्त करता है, गुरुओं के सत्संग से आचारव्विचार शुद्ध होकर जीवन का उत्थान एवं कल्याण होता है। विशोक सागर महाराज जी असवारपुर स्थित अनेकांत धाम में मंगल प्रवेश करने के बाद



श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। विशोक सागर मुनि श्री विबोदनी के साथ सोनीपत से चलकर राजीव गांधी एजुकेशन सिटी पहुंचे तो श्रद्धालुओं ने बैंड बाजो से स्वागत किया महाराज जी ने बताया कि 28 दिसंबर से सिद्ध चक्र विधान शुरू होगा, उसमें आसपास के

**सिद्ध चक्र**

**▶▶ 28 दिसंबर से सिद्ध चक्र विधान शुरू होगा, उसमें आसपास के प्रदेशों से हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे**

प्रदेशों से हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे और 2 फरवरी को लघु सम्मेद शिखर स्वरूप पर्वत का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने महाराज जी के चरणों में वंदन करते हुए कहा की आने वाले समय में अनेकांत धाम की ख्याति पूरे उत्तर भारत में फैलेगी। उन्होंने कहा इस अतिशय श्रेत्र के दर्शन से जीवन में सुख शांति समृद्धि, यश, वैभव, उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, निरोगी जीवन की प्राप्ति होकर श्रद्धालु दीर्घायु होता है। इसलिए हम सब धाम से जुड़ने का संकल्प ले।

# दुकान से हजारों रुपये से भरा बैग चोरी, दुकान पर आई महिला पर चोरी का आरोप

**जांच जारी**

**▶▶ पुलिस महिला का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के फैज बाजार स्थित कपड़े की दुकान से हजारों रुपये रखे बैग के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर महिला पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। फैज बाजार निवासी सचिन कुमार ने बताया कि उसकी बाजार में कपड़े के सामान की दुकान है। वही गर्म कपड़े के सामान की भी स्टाल कच्चे क्वाटर में लगा रखा है। गत 13 दिसंबर को वह करीब एक बजकर दस मिनट पर एक महिला सामान खरीदने के लिए पहुंची। उसी दौरान कुछ अन्य ग्राहक भी उसके पास आ गए। महिला ने मौके का फायदा उठाकर स्टॉल से रुपयों से भरा बैग उठाकर ले गई। बैग में 12 हजार रुपये की राशि रखी हुई थी। अपने स्तर पर महिला की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। महिला की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

# गाड़ी का साइलेंसर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में प्याऊ मनियारी में घर के बाहर खड़ी गाड़ी का साइलेंसर चोरी होने का मामला सामने आया है। गाड़ी मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव जयनगर बिहार हाल में प्याऊ मनियारी कुंडली दिनेश कुमार ने बताया कि वह गाड़ी पर चालक के तौर पर कार्यरत है। उसने गत 10 दिसंबर को गाड़ी को खड़ी करके अंदर जाकर सो गया। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी का साइलेंसर गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# हत्याकांडः दामाद की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

**तलाशी**

**▶▶ आरोपित की तलाश के लिए रेलवे स्टेशन बस स्टैंडों पर तलाश किया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र की ऑटो मार्केट में मिली सफाई कर्मचारी महिला के शव की हत्या मामले में पुलिस ने चार टीमों को गठन किया है। गठित टीमें ने हत्यारोपित की तलाश के लिए दिल्ली, यूपी, पानीपत में रेड की है। आरोपित की तलाश के लिए रेलवे स्टेशन बस स्टैंडों पर तलाश किया जा रहा है। आरोपित वारदात के बाद से भूमिगत है। वहीं पुलिस ने महिला के शव का महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। शहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी पत्नी शहर के निजी अस्पताल में सफाई का काम करती है। वह देर शाम को घर से अस्पताल में गई थी। देर शाम तक वापिस नहीं लौटी। सुबह उसक शव ऑटो मार्केट के पास होने की जानकारी मिली। मृतका का सिर नहीं मिला था। राहगीरों की सूचना के बाद पुलिस टीम व एफएसएल की टीम ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। जहां से शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिए है। पुलिस ने मृतका के पति के बयान पर उसके दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी मिली है कि महिला के पति ने दो शादी की है। उसके पास पांच बच्चे हैं। जिनमें 3 लड़के व 2 लड़कियां है। दो बच्चे दूसरी पत्नी जिसकी हत्या की गई उसे हुए। एक लड़का व एक लड़की। बड़ा लडका व छोटी लड़की है। दूसरी पत्नी से जो बेटी है वह शादीशुदा व एक लड़के की मां है। बेटी ने अपने पहले पति को छोड़ दिया था और विकास नगर के युवक के साथ रहने लगी थी। अब कुछ समय से बेटी ने विकास नगर में रहने वाले युवक को भी छोड़ दिया था ओर किसी अन्य व्यक्ति के साथ रहने लगी थी। विकास नगर में रहने वाले युवक ने उसे व उसकी पत्नी को इस बात को लेकर धमकी दी थी कि उसकी पत्नी को गायब करने में तुम्हारा हाथ है या तो उसकी पत्नी को वापस बुला दो नही तो अन्जाम भुगतना होगा। मृतका के पति ने शक जताया है कि पत्नी की हत्या विकास नगर के युवक ने की है।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार, हैरोइन/स्मैक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्ग निर्देश में एंटी नारोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे राजबीर सिंह पुत्र अनुराम वासी छपरी को काबू करके उसके कब्जे से 18.51 ग्राम हैरोइन बरामद, एंटी नारोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी शिवरमन उर्फ मांगी पुत्र बीरबल वासी कच्चा बाजार सदर अम्बाला को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र को नशा मुक्त बनाने की



मुहिम मे नशीले पदार्थ की रोकथाम में दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को एंटी नारोटिक सैल के उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, ईएसआई जगपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार व गाड़ी सिपाही प्रदीप कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में लाड़वा चौंक शाहबाद में पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि राजबीर सिंह पुत्र अनुराम वासी छपरी हैरोईन/स्मैक बेचने का काम करते है। जो आज भी जलेबी पुल शाहबाद की तरफ

**काबू**

**▶▶ पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि राजबीर सिंह पुत्र अनुराम वासी छपरी हैरोईन/स्मैक बेचने का काम करते है**

से मोटरसाईकिल नंबर एचआर-78-ई-2487 पर सवार होकर शाहबाद बस अड्डे आएगा। यदि उसको काबू करके उनकी तलाशी ली जाए तो उसके पास से काफी मात्रा में हैरोईन/स्मैक बरामद हो सकती है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर जलेबी पुल शाहबाद पहुंची। कुछ देर बाद पुलिस टीम को मोटरसाईकिल नंबर एचआर-78-ई-2487 आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल सवार को मिली सुचना के आधार पर उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नामपता राजबीर सिंह पुत्र अनुराम वासी छपरी बताया। मौका पर राजपत्रित अधिकारी श्री सुभाष चन्द नायब तहसीलदार शाहबाद को बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी के सामने राजबीर सिंह पुत्र अनुराम वासी छपरी की पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 10.51 ग्राम हैरोईन/स्मैक बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शाहबाद में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके सहायक उप निरीक्षक सुखबिंदर सिंह ने राजबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# हड्डी रोग चिकित्सक की लोक अदालत में लगाई ड्यूटी, मरीज भटकने पर मजबूर

**मरीज परेशान**

**▶▶ शुक्रवार को मरीजों द्वारा हंगामा करने के बाद हड्डी रोग ओपीडी को खोला गया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एक सप्ताह के अंदर महज शुक्रवार को मरीजों द्वारा हंगामा करने के बाद हड्डी रोग ओपीडी को खोला गया था। वहीं शनिवार को प्रबंधन की तरफ से चिकित्सक की ड्यूटी लोक अदालत में लगा दी। शनिवार को अस्पताल में पहुंचे मरीजों व मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने वाले आवेदकों को वापिस लौटने पर मजबूर होना पड़ा।बता दें कि नागरिक अस्पताल में एक सप्ताह से हड्डी रोग ओपीडी के गेट पर चिकित्सक के न होने के नोटिस चस्पे हुए मिल रहे थे। जिसके चलते मरीजों को बिना उपचार के लौटना पड़ता है। अस्पताल में सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लंबी लाइन में खड़े होते और जब ओपीडी में जाते तो डॉक्टर ही नहीं मिलते। हर रोज हड्डी रोग की ओपीडी रोजाना तीन सौ से ज्यादा होती है। हड्डी रोग विभाग में इस तरह की स्थिति पहले भी कई बार रही है। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा प्रशासनिक ड्यूटी का विरोध किया जा रहा है। इसके बाद भी उनकी आपातकालीन विभाग और पोस्टमार्टम ड्यूटी लगा दी जाती है। जिससे ओपीडी का कार्य प्रभावित होता है और मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को मरीजों ने हंगामा किया तो प्रबंधन की तरफ से चिकित्सक की पोस्टमार्टम से ड्यूटी हटाकर ओपीडी में लगाई। वहीं शनिवार को भी हालत ज्यो के त्यों नजर आए। प्रबंधन की तरफ से हड्डी रोग चिकित्सक विपिन दलाल को लोक अदालत में भेज दिया।

# मिट्टी की कलाकृतियों एवं बर्तनों की पांच दिवसीय ऐतिहासिक प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर परिसर में द्रौपदी कूप में आयोजित मिट्टी की कलाकृतियां, मिट्टी के बर्तन और खादी सहित विभिन्न ग्रामोद्योग उत्पादों और पीएमईजीपी इकाइयों के उत्पादों की पांच दिवसीय प्रदर्शनी एवं बिक्री कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत कुम्हार



सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और खादी निर्माण से जुड़ी संस्थाओं, कारीगरों और लाभार्थियों को विपणन मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) पूज्य बापू, खादी और कुटीर उद्योगों की विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सराहनीय कार्य कर रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से केवीआईसी देशभर के उन कारीगरों और लाभार्थियों को एक मंच प्रदान कर रहा है जो किसी न किसी रूप में केवीआईसी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 21 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें से 15 स्टॉल उन कुम्हारों के हैं जिन्हें केवीआईसी ने कुम्हार सशक्तिकरण योजना के माध्यम से इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराए हैं। इसके साथ ही पीएमईजीपी/खादी संस्थाओं के लाभार्थियों के भी 6 स्टॉल हैं, जिनमें ग्रामोद्योग के उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। आगंतुकों को खादी और मिट्टी के बर्तन बनाने की प्रक्रिया समझाने के लिए यहां लाइव डेमो भी आयोजित किए गए हैं। उन्होंने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा एमएसएमई मंत्रालय के मार्गदर्शन में नए भारत की नई खादी नए मानक स्थापित कर रही है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियानों को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी क्रांति के तहत खादी एवं ग्रामोद्योग की बिक्री पिछले 10 वर्षों में 1 लाख 55 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई है, जबकि 10.17 लाख नए लोगों को रोजगार मिला है।

# मनोहर युवाओं से करेंगे संवाद, कौशल व आत्मनिर्भरता का देंगे मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** युवा शक्ति विकसित भारत का आधार है। इसी आधार को मजबूत करने के लिए केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। मनोहर लाल न केवल युवाओं स संवाद करेंगे, बल्कि उन्हें कौशल और आत्मनिर्भरता का मंत्र देंगे।

रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में 21 दिसंबर को युवा गौरवशाली समारोह का आयोजन होगा। गौरवशाली समारोह में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। समारोह में मनोहर लाल युवाओं को सफलता, कौशलता, आत्मनिर्भरता और



उद्यमियता का मंत्र देंगे। इसके साथ ही संविधान की महत्ता और डॉ. अंबेडकर जी के आदर्शों से युवा जुड़ें, इसको लेकर भी मनोहर लाल सीधा संवाद करेंगे। युवा गौरवशाली समारोह की खास बात यह रहेगा कि प्रदेशभर से युवा जुटेंगे, जिसमें युवा उद्यमी, युवा सरपंच, खिलाड़ी शामिल होंगे।

एमडीयू रोहतक में संविधान गौरव उत्सव समिति के तत्वाधान में युवा गौरवशाली समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संविधान गौरव उत्सव समिति का उद्देश्य युवा गौरवशाली समारोह के जरिये युवाओं को संविधान के सम्मान और स्वाभिमान को जीवन में आत्मसात कराना है।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के मंगलपुर चौक पर हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत को लेकर पुलिस ने अब ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 4 दिसंबर को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस अब आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

जानकारी अनुसार मंगलपुर निवासी 58 वर्षीय रामफल अपने गांव मंगलपुर में सब्जी बेचने का काम करते थे। मृतक के बेटे नरेंद्र ने बताया कि 3 दिसंबर को उसके पिता अपनी बाइक पर सब्जी मंडी से घर लौट रहे थे। कुंजपुरा रोड पर मंगलपुर चौक के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रामफल को सिर, छाती और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे के समय रामफल के बेटे नरेंद्र भी मौके पर मौजूद थे। उन्होंने राहगीरों की मदद से घायल पिता को अमृतधारा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना के बाद करनाल पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। अगले दिन 4 दिसंबर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मामले में मृतक के बेटे नरेंद्र ने सेक्टर 32-33 थाने में ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और मौत का कारण बनने की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई जयभगवान ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है।

### गर्भवती महिला ने किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में तीन महीने की गर्भवती महिला ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड?ा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिला की हत्या करके फंदे पर लटकाया गया है।

गांव स्टौंडी की प्रियंका उर्फ पिंकी की शादी 29 अक्टूबर 2023 को घरौंडा के कालरम गांव में हुई थी। शनिवार को पिंकी घर के कमरे में फंदे पर लटकी हुई मिली। मृतका के पिता मामू राम व अन्य का आरोप है कि ससुराल वाले प्रियंका को दहेज के लिए परेशान किया करते थे, जिसको लेकर कई बार पंचायतें भी हुई।

परिजनों ने कहा कि पंचायत में ससुराल वाले माफी मांग लेते थे, लेकिन फिर से वही रवैया शुरू हो जाता था। पिंकी की सास ने भी कई बार धमकी दी कि वह उसे मारेगी। उसे कमरे में बंद करके पति और सास मिलकर पीटते थे।

उन्होंने कहा कि वह पढ़ी लिखी और समझदार लडक ी थी और आत्महत्या जैसा कदम कभी नहीं उठा सकती थी। उसकी हत्या करके फंदे पर लटकाया गया है। ससुराल वालों ने जानकारी भी नहीं दी, किसी ओर के माध्यम से जानकारी मिली। हम घरौंडा पहुंचे तो ससुराल वाले उसे अस्पताल में लेकर पहुंचे हुए थे, लेकिन ससुराल वाले वहां पर नहीं मिले। घरौंडा थाना में जांच अधिकारी एएसआई राजकुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मायके पक्ष की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### जिले में दो युवतियां हुई घर से लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा इंद्री और तरावड़ी थाना क्षेत्र के गांवों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में लापता होने का मामला सामने आया है। एक युवती ई-रिक्शा में बैठकर घर से निकली थी। परिजनों ने एक युवक पर शक जताया है।

दूसरी युवती घर से अपने डॉक्यूमेंट लेकर लापता हुई है। परिजनों ने अपने स्तर पर दोनों की तलाश की, लेकिन उनका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। बाद में परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

इंद्री थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी 22 वर्षीय बेटी 14 दिसंबर की सुबह 10 बजे घर से ई-रिक्शा में बैठकर चली गई। पिता ने आरोप लगाया कि ई-रिक्शा एक युवक ने भेजी थी। इसी युवक से उनकी बेटी बात किया करती थी। परिजनों ने युवक को पकड़ लिया और दावा किया कि उसे उनकी लडक ी के बारे में सारी जानकारी है। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी घर से जाते वक्त अपना आधार कार्ड भी साथ ले गई थी।दूसरा मामला तरावड़ी थाना क्षेत्र के गांव का है। शिकायतकर्ता मां ने पुलिस को बताया कि उनकी 20 वर्षीय बेटी 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे घर से आधार कार्ड और पेन कार्ड लेकर चली गई। परिजनों ने अपनी प्रतिष्ठा के कारण पहले शिकायत दर्ज नहीं कराई और रिश्तेदारों में खोजबीन करते रहे, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका।

# पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपनाना चाहिए साइकिल

**साइकिल यात्रा**

**सीईओ केडीबी पंकज सेतिया के नेतृत्व में केडीबी सदस्यों ने निकाली साइकिल यात्रा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने और स्वस्थ शरीर के लिए लोगों को अपनी दिनचर्या में साइकिल अपनाना चाहिए। जो व्यक्ति रोजाना अपने रोजमर्रा के बाहरी कार्यों में साइकिल का प्रयोग करेगा तो वह ईंधन की बचत करने के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित करने में अपनी भूमिका निभा सकेगा।

सीईओ पंकज सेतिया रविवार को ब्रह्मसरोवर पर साइकिल यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, केडीबी सदस्य डा. ऋषिपाल मथाना, अशोक रोशा, एमके मोदगिल, केडीबी अधिकारी



अमर सिंह ने ब्रह्मसरोवर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन अवसर पर साइकिल यात्रा निकाली। यह साइकिल यात्रा ब्रह्मसरोवर से चारों तरफ घाटों पर निकाली गई और बाद में पुरुषोत्तमपुरा बाग ब्रह्मसरोवर पर संपन्न हुई। इस साइकिल यात्रा के दौरान अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के शिल्प और सरस मेले में आए हजारों पर्यटकों को साइकिल अपनाने का संदेश दिया। केडीबी सीईओ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर शिल्प और सरस मेले के समापन अवसर पर केडीबी ने सदस्यों के साथ मिलकर साइकिल यात्रा निकाली गई। इस साइकिल यात्रा निकालने के पीछे लक्ष्य है कि लोग रोजमर्रा के जीवन में साइकिल चलाना चाहिए।

इससे वाहन कम चलेंगे, ईंधन की बचत होगी और ईंधन ना जलने से पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकेगा। इसके साथ ही साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का व्यायाम होगा और वह स्वस्थ रहेगा।

# बसताड़ा में पहुंची विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के बसताड़ा गांव में किसान जसमेर सिंह के खेत में सरफेस स्प्रेडर और मल्चिंग मशीन से लगाए गेहूं के प्रदर्शन प्लांट ने विशेषज्ञों का ध्यान खींचा। विश्व खाद्य संगठन नई दिल्ली से वैज्ञानिक डॉ. अशोक यादव ने अपनी टीम के साथ प्लांट का दौरा किया। किसानों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि इस नई विधि से गेहूं की बुआई का खर्च बेहद कम हो गया है और भूमि की उर्वरा शक्ति भी बढ़ रही है। किसान जसमेर सिंह ने बताया कि उनके खेत में गेहूं की बुआई पर सिर्फ 1000 रुपए प्रति एकड़ डीजल का खर्च आया है। इसके बावजूद फसल का जमाव पारंपरिक तरीकों से लगाए गए गेहूं के खेतों जैसा ही है। खेती विरासत मिशन के प्रतिनिधि रमेश सिंह ने बताया कि इस प्लांट में 10 नवंबर को बुआई की गई थी। मिशन ने जिले के अन्य गांवों में भी इस तकनीक से प्रदर्शन प्लांट लगाए हैं। दौरे के दौरान देशराज अलावला, सुरेंद्र कुमार, वेदपाल, बलिंद्र सिंह, रविंद्र सिंह और अन्य किसानों ने तकनीक के प्रति रुचि दिखाई। किसानों का कहना है कि इस तरह की तकनीकों से फसल लागत में कमी आने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति में भी सुधार हो रहा है।

# निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाया, 152 मरीजों की हुई जांच



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा :** वार्ड नंबर एक समालखा से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद संजय गोयल द्वारा मैक्स हॉस्पिटल द्वारका दिल्ली के सहयोग से समाज सेवा समिति अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य चेक अप कैंप लगाया गया जिसमें पेट के डॉक्टर गैस्ट्रोलॉजिस्ट हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं दिल के स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा लगभग 152 मरीजों की जांच की गई जांच के समय बीपी शुगर , ईसीजी, बीएमडी टेस्ट फ्री में किए गए । प्रोजेक्टर लगाकर पेट के डॉक्टर द्वारा लोगों को बीमारियों के बारे में समझाया गया व खान-पान से सेहत को कैसे ठीक रखा जा सकता है इस मौके पर मैक्स हॉस्पिटल द्वारका दिल्ली की ओर से समालखा के कुछ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया जिसमें समाज सेवा समिति के उप प्रधान श्यामलाल गोयल, श्याम कृपा सेवा मंडल के प्रधान सतवीर गुप्ता श्री श्याम सेवा कृपा सेवा मंडल के प्रधान सुभाष गोयल मौजूत रहे।

# गौ माता के गोबर से दीपक बनाने का दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** रविवार को गोमय स्वावलंबी यात्रा सेवा भारती स्टॉल पर जिला सूचना व जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलन करके शुभारंभ किया। इस स्टॉल पर संस्था द्वारा गौ माता के गोबर से दीपक व धूपबत्ती बनाने आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। गोमय स्वावलंबी यात्रा सेवा भारती स्टॉल पर गौ संरक्षण स्वदेशी का प्रचार और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें 15 बच्चियों को अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



प्रशिक्षण के रूप में मुख्य भूमिका में तरुण जैन और आशीष बघेल शामिल रहे। गोबर से बनी हुई लक्ष्मी-गणेश, धूपबत्ती, ओम, स्वास्तिक, गोबर की माला बनाने का प्रशिक्षण भी ब्रह्म सरोवर गीता महोत्सव पर दिया गया। सेवा भारती से जिला अध्यक्ष केसी रंगा के

# पंजाब सरकार ने किसानों को छला : महीपाल ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आज करनाल के घरौंडा में किसान आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने किसानों के साथ छलावा किया है और धोखा दिया है। आप पार्टी पंजाब में सरकार बनने से पहले कहती थी कि हमारी सरकार बना दो हम धरती उथल देंगे, पता नहीं क्या क्या कर देंगे।

वहां पर दिल्ली के अनेक उदाहरण पंजाब में दिए जाते थे। आज पंजाब कंगाल हो रहा है, लोग मर रहे है, त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे है।

# सुशील ने सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक

**अभियान**

**शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक में जिले के सभी पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:भारतीय जनता पार्टी** (भा.ज.पा.) के जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने आज सदस्यता अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया।जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक में जिले के सभी पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।बैठक की शुरूआत जिला महामंत्री तेजीन्द्र गोल्डी ने की। जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने इस अभियान को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की और सदस्यता अभियान को गति देने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। राणा ने कहा कि यह



सदस्यता अभियान भाजपा की विचारधारा और नीतियों से जुड़े लोगों को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों से अभियान के तहत अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने के प्रयासों को तेज करने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी का उद्देश्य न केवल संगठन को सशक्त करना है, बल्कि लोगों के बीच पार्टी की नीतियों और योजनाओं को भी विस्तार से पहुंचाना है। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों और सदस्यता अभियान के दौरान विशेष गतिविधियों की योजना भी बनाई गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री तेजीन्द्र गोल्डी, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ,रेनू खुगर,गौरव भट, हरीश अरोड़ा, गुलशन सैनी, सोमपाल,राजेंद्र बाखली, दीपक चौहान मौजूद रहे।

# विधायक ने औषधि वितरण शिविर का किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को सदर बाजार स्थित श्री शिव चित्रगुप्त मंदिर में लायंस क्लब, करनाल एवं आदिशक्ति माँ झंडेवाली सेवा समिति द्वारा विर्क अस्पताल के सौजन्य से आयोजित निशुल्क मेडिकल कैम्प एवं औषधि वितरण शिविर का शुभारम्भ किया।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आमजन को न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलता है बल्कि यह जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का भी एक सशक्त माध्यम है। सामाजिक संस्थाओं को समय-समय पर इस तरह के मेडिकल कैंप आयोजित करते रहना चाहिए। आज के इस मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और दवाइयां भी ली।

विधायक ने इस कैंप में अपना मेडिकल चेकअप भी करवाया। उन्होने कहा कि हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जा रही है। इस योजना के तहत निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध होती है। बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थी इस योजना का फायदा ले रहे हैं। इस मौके पर लायंस क्लब, करनाल, आदिशक्ति माँ झंडेवाली सेवा समिति एवं विर्क अस्पताल के डॉक्टर्स व उनकी टीम के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# विश्व के कोने-कोने में पहुंची गीता महोत्सव-2024 की गूंज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** ब्रह्मसरोवर के पावन तट 28 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक लगे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की गूंज विश्व के कोने-कोने तक सुनाई दी। इस गूंज के साथ ही इस महोत्सव ने विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाने का काम किया है। इस महोत्सव में शिल्पकारों की अद्भुत शिल्पकला के साथ-साथ दूसरे प्रदेशों की लोक संस्कृति ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने का काम किया है। इतना ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की गूंज दूसरे प्रदेशों में भी सुनाई दे रही है, यहां पर आने वाला प्रत्येक पर्यटक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव



की गाथा को भुला नहीं पा रहा है और इन अनोखे पलों को दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के साथ-साथ लाखों श्रद्धालु अपने कैमरों में कैद कर रहे है। इस महोत्सव की अनोखी छटा अपने आप में लोक संस्कृति को सहेजने का काम कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां एक ओर शिल्पकारों की अदभुत और आश्चर्य चकित करने वाली शिल्पकला ने लोगों को मंत्रमुग्ध होने पर मजबूर किया है वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों की अलग-अलग वेशभूषा की लोक संस्कृति ने लोगों के मन को मोह लिया है और इस भव्य आयोजन के लिए लोग सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते नजर आ रहे है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के पावन धरा पर आने वाले पर्यटक इस महोत्सव की हर क्षणों का लुफ्त उठाते नजर आए। इस भव्य आयोजन में विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति ने महोत्सव की फिजा में रंग भरने का काम किया है। इस महोत्सव में शिल्प कला और संस्कृति के यादगार लम्हों को अपने जीवन के हसीन क्षण बनाने के लिए हरियाणा ही नहीं भारत वर्ष से लोग कुरुक्षेत्र की तरफ अग्रसर हुए। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रतिदिन भारी संख्या में पर्यटक महोत्सव का आनंद लेने के लिए पहुंचे। अहम पहलू यह है कि सरस और शिल्प मेले में शिल्पकारों ने अच्छा व्यवसाय किया।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के तमाम क्षणों को यादगार बनाने के लिए राज्य सरकार की तरफ से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी गई है। इस महोत्सव को अगर देश की संस्कृति और शिल्पकला का केन्द्र बिन्दू कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि इस महोत्सव के शिल्प मेले में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से विभिन्न राज्यों के शिल्पकार पहुंचे है। इनमें से कई शिल्पकारों को राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय के साथ-साथ अन्य अवार्ड मिल चुके है।

# कटरा में 31 दिसम्बर से 2 जनवरी तक लगेगा तीन दिवसीय भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: मां** वैष्णो सेवा समिति समालखा के सौजन्य से हर साल की तरह माता वैष्णो देवी के दरबार कटरा में 31 दिसम्बर से तीन दिवसीय भंडारा लगाया जाएगा। मां वैष्णो देवी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को समालखा स्थित समिति कार्यालय में भंडारे के आयोजन को लेकर बैठक में रूपरेखा तैयार की।मां वैष्णो सेवा समिति के प्रधान पंकज गोल्डी की ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी सेवादारों की ड्यूटी लगाई गई। उन्होंने बताया कि हर साल भंडारे में लगभग 40 से 50 सेवादार सेवा के



लिए कटरा जाते हैं। भंडारा शहर वासियों के सहयोग से लगाया जाता है। तीन दिवसीय भंडारा 31 दिसंबर से शुरू हो कर 2 जनवरी तक बाणगंगा रोड शिव मंदिर कटरा में लगाया जाएगा।

भंडारे की सामग्री वाली गाड़ी 29 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे संस्था के कार्यालय रेलवे रोड से रवाना होगी।

# नरेला में किया नमो युवा चौपाल का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः बाहरी दिल्ली** के नरेला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता प्रदीप रामनारायण भारद्वाज के नेतृत्व में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदीप रामनारायण भारद्वाज ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही राष्ट्र की ताकत बनेगी। नमो युवा चौपाल को गति दे एवं भारत को विकसित एवं विश्व गुरु बनाने के लिए पुनः मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए हर गांव मोहल्ले में युवा चौपाल लगाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करने के लिए आह्वान किया। इस मौके प्रदीप भारद्वाज, अंकित ,धीरज, कुंदन, सागर, हेमंत, आशीष, मनदीप, सोनू, मनदीप पाराशर, रोहित, कपिल, चिरंजीवी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 'झुग्गीवासियों को केजरीवाल से मिला बिजली और पानी बिल का झटका'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की झुग्गी बस्तियां और झुग्गी झोपड़ियों में मौलिक सुविधाएं देने वाली कांग्रेस पार्टी ने इन्हें पक्के मकान, स्थाई प्लॉट देकर और जहां झुग्गी वहीं मकान पॉलिसी के तहत दिल्ली में हजारों फ्लैट बनाने की शुरू करके इनके जीवन स्तर को उपर उठाने और जीवन शैली को बेहतर बनाने के लिए जो 15 वर्षों के शासन में अभूतपूर्व काम किए थे, जबकि आम आदमी पार्टी ने अपने 11 वर्षों के शासन में दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों के कल्याण और विकास के लिए काम नहीं किया और भाजपा के साथ मिलकर दिल्ली से हजारों झुग्गियों को उजाड़ने में बराबर की भूमिका निभाई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मुफ्त पानी बिजली की रेवड़ियों की बात करने वाले केजरीवाल चुनाव प्रचार में लोगों को भ्रमित करने की भरपूर कोशिश कर रहे है, जबकि केजरीवाल सरकार के झूठे वादे और सच्चाई का सामना झुग्गीवासी पानी और बिजली के हजारों के बिलों को भर कर भुगत रहे है। एक छोटे से कमरे वाली झुग्गी का बिजली का 8000 रुपये बिजली का कहां की नैतिकता है। गंदगी, कूड़े के ढेर, नालियां, टूटी गलियां की बदहाल स्थिति को झुग्गीवाले सहने के आदि हो चुके है, जबकि हर चुनाव से अरविन्द केजरीवाल झुग्गी वालों के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा झुग्गियों में प्रवास का नाटक पूरी तरह चुनावी राजनीति से प्रेरित है। क्या भाजपा झुग्गीवालों की सबसे बड़ी परेशानी जो मानसून और बारिश के समय होती है, मानसून में हर जगह सड़कों, नालों, कॉलोनियों में जल भराव को तो सब देखते है लेकिन जो नर्क झुग्गी वाले झेलते है। क्यों भाजपा उन दुखों के दिनों में झुग्गी बस्तियां में प्रवास नही करते है।

# पूर्वांचल समाज संवाद संग लिट्टी चोखा कार्यक्रम और बैठक का हुआ आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः भाजपा दिल्ली** प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के निदेर्शानुसार भाजपा पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष संतोष ओझा के मार्गदर्शन में आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के निमित एकता कैंप, सेवा बस्ती, पीतमपुरा नहर पर पूर्वांचल संग लिट्टी चोखा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संतोष ओझा, पूर्वांचल मोर्चा, दिल्ली प्रदेश महामंत्री जगदम्बा सिंह, पूर्वांचल मोर्चा, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष, अनुज सिंह, पूर्वांचल मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष, वर्तमान में जिला केशवपुरम कार्यालय प्रभारी अविनाश सिंह, शालीमार बाग विधानसभा विस्तारक उज्वल जोशी, पूर्वांचल मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, पवन झा, पिंकी ठाकुर, बब्लू राय, सीमा नागर, डेजी जी, चंदा, पुष्पा, शम्भू चौधरी, विजय पासवान, गीता यादव, बबीता झा, धीरज चौहान, बलिंदर साहनी, सहदेव व अन्य सभी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याणकारी नीतियों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। साथ ही आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामी व भ्रष्टाचारी नीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी ने संकल्प लिया कि इस भ्रष्ट केजरीवाल सरकार को दिल्ली से उखाड़ फेकेंगे।

# दिल्ली में लहरायेगा भाजपा का परचमः विशाल कपाही



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः युवा भाजपा** नेता विशाल कपाही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। श्री कपाही ने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, वहां की जनता भाजपा के साथ है और दिल्ली में भी भाजपा को देखना चाहती है, क्योंकि भाजपा के कार्यों से सभी खुश है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से सभी वर्ग के लोग प्रभावित है। क्योंकि भाजपा के राज में जहां एक ओर शहरों में विकास ही विकास हुआ है, वही विकास से ग्रामीण क्षेत्र भी अछूते नहीं है। विशाल कपाही ने आगे बताया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा, क्योंकि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं है।

# एआईयूटीयूसी के 22वें अखिल भारतीय सम्मेलन के अवसर पर विशाल जनसभा हुई आयोजित








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/भुवनेश्वरः भारत के केंद्रीय** ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के 22वें अखिल भारतीय सम्मेलन के अवसर पर ओडिशा सहित 24 राज्यों से लगभग 20 हजार कामकाजी लोग भुवनेश्वर के लोअर पीएमजी स्क्वायर में एकत्र हुए और केंद्र एवं राज्य सरकारों की श्रम-विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट मजबूत श्रमिक आंदोलन को तेज करने की शपथ ली। ओडिशा के हजारों कामकाजी लोग और विभिन्न राज्यों से शामिल प्रतिनिधि राजमहल स्क्वायर से एक सुसज्जित और विशाल जुलूस के साथ जनसभा स्थल पर आए। एआईयूटीयूसी के अखिल भारतीय अध्यक्ष के राधाकृष्ण की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। इसके बाद विशाल सभा को वर्क फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष मज्वांडिले माइकल मकवेना ने संबोधित किया और हमारे देश के मेहनतकश लोगों के आंदोलन के प्रति एकजुटता व्यक्त की। इसके बाद सभा को एआईयूटीयूसी के उपाध्यक्ष सत्यभान, स्वपन घोष, महासचिव शंकर दासगुप्ता और सचिव मंडल के अरुण सिंह ने संबोधित किया। वक्ताओं ने जनविरोधी श्रम संहिताओं को लागू करके लगभग सभी श्रम कानूनों को वापस लेने के अन्यायपूर्ण कदमों पर जोर दिया। जिन्हें देश के मेहनतकश लोगों ने अतीत में कई रक्तपातपूर्ण आंदोलनों के माध्यम से अपने बचाव में हासिल किया था। ये कदम मेहनतकश लोगों के ट्रेड यूनियन अधिकारों को कुचलने के लिए हैं, जैसा कि उन्होंने आरोप लगाया है। उन्होंने करोड़ों लोगों को स्थायी दर्जा देने की जोरदार मांग की। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# मॉडल टाउनः बांग्लादेश में हिन्दुओं की नृशंस हत्याओं के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया आयोजित











**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली के** मॉडल टाउन इलाके में बांग्लादेश में हिन्दुओं की नृशंस हत्याओं, अत्याचार व महिलाओं के साथ दुराचार के खिलाफ विराट आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की कई प्रमुख संस्थाओं ने भाग लिया।

इस मौके पर समाजसेवी अशोक गोयल देवराहा, मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि बांग्लादेश में हिन्दुओं की नृशंस हत्याओं, अत्याचार व महिलाओं के साथ दुराचार के खिलाफ विराट आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन की शुरूआत शहीद भगत सिंह चौक मॉडल टाउन सैकेंड से की गई और कई इलाकों से होते हुए यह प्रदर्शन महाराजा अग्रसेन चौक मॉडल टाउन थर्ड पर संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रेमचंद गुप्ता ने कहा कि हिन्दुओं का शोषण बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जायेगा। इस मौके पर प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि इस विराट प्रदर्शन को सहयोगी संस्थाओं में फेडरेशन ऑफ रेजीडेन्ट एसोसिएशन, मॉडल टाउन, वैश्य अग्रवाल संगठन, श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, सहयोगी परिषद् मॉडल टाउन दिल्ली, आरडब्ल्यूए मॉडल टाउन, इन्द्रप्रस्थ विश्व हिन्दू परिषद, श्री केशव रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन धार्मिक लीला कमेटी, प्रभु श्रीरामलीला कमेटी मॉडल टाउन सैकेंड, भारत लोक शिक्षा परिषद, पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट, जैन समाज मॉडल टाउन, ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन, श्रीकृष्ण मंदिर सभा, आर्य समाज मंदिर और व समस्त देशप्रेमियों का सहयोग रहा। इस मौके पर बृजमोहन गोटेवाले, प्रवीन कांत सीए, पवन अग्रवाल एडवोकेट, अरविन्द जैन, अनिल गोयल, आनन्द मित्तल, सुशील जिंदल, रूपक गुप्ता, संजीव गोयल बंटी, एडवोकेट प्रबोध मल्होत्रा, टीएन गर्ग, राजेन्द्र गुप्ता रंग वाले, मंजू अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।



खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन में जाकर श्याम बाबा का आशीर्वाद लेते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयमरैन सुशील जोंटी, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी व अन्य।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली। रोहिणी जिले** के अमन विहार थाना पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार बदमाश की पहचान राजकुमार उर्फ राज के रूप में हुई है। मुठभेड़ में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक पिस्टल, दो कारतूस व चोरी की एक बाइक बरामद की है।

पुलिस ने मौके से कारतूस के चार खोखे बरामद भी किए हैं। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के मुताबिक, गत दिनों 20 मिनट के अंदर झपटमारी की दो वारदातों की जांच में पुलिस ने सुल्तानपुरी निवासी एक बदमाश रोहित उर्फ डाटला को गिरफ्तार किया था।

## स्मारिका का होगा प्रकाशनः वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** ज्वाइंट एक्शन कमेटी के तत्वाधान में अनुसूचित जाति, जनजाति, माइनॉरिटी एवं ओबीसी के बुद्धिजीवियों की एक बैठक हौज खास में संपन्न हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि "डॉ अंबेडकर-भारत के संविधान निमार्ता" नाम से एक स्मारिका नए वर्ष पर प्रकाशित की जाएगी। इसमें संविधान निमार्ता डॉक्टर अंबेडकर के संदर्भ में लेख संस्मरण और कविताओं को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा बाबा साहब के द्वारा किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया जाएगा।

इस अवसर पर समता सैनिक दल के राष्ट्रीय मुख्य सचेतक डॉ ए आर जोशी ने संविधान को सभी वर्गों को संरक्षण देने वाला संविधान बताया। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक वीरेंद्र कुमार जाटव ने बताया कि स्मारिका के माध्यम से डॉ अंबेडकर के विचारों को देश की जनता के समक्ष रखना है, ताकि वर्तमान पीढ़ी कर्मकांड, पाखंडवाद अंधविश्वास और आडंबर के विरुद्ध लड़ाई जारी रख सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय भागीदारी मोर्चा के अध्यक्ष डी सी कपिल, राष्ट्रीय सचेतक ओ पी गौतम, प्रोफेसर डॉ दिनेश राम, तुगलाबाद जाटव मोहल्ले के प्रधान चंद्रपाल सिंह, पूर्व इंस्पेक्टर चौधरी धर्मवीर सिंह, कृष्णा चोपड़ा, उत्तम सिंह, आर एस तंवर, आरबी गौतम, संजय गौतम, रवि कुमार भी मौजूद रहे।

## गाबा टेस्ट में बारिश से खेल बाधित, दर्शकों को वापस मिलेगा पूरा पैसा

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट के पहले दिन केवल 13.2 ओवर फेंके गये लेकिन निराश होकर गाबा से वापस लौटे दर्शकों के लिए खुशखबरी है कि उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से पूरा पैसा वापस मिलेगा। मैदान पर पहुंचे प्रशंसकों को एक नियम के कारण लाभ होगा जिसके अंतर्गत उन्हें एक दिन के खेल के दौरान 15 से कम ओवर फेंके जाने पर टिकटों का पूरा पैसा वापस मिलेगा। इसका मतलब है कि अगर 10 गेंद और फेंक दी गई होती तो सीए को एक मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से अधिक का पैसा वापस नहीं करना पड़ता। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि 30,145 प्रशंसकों को पूरा पैसा वापस मिलेगा क्योंकि 15 ओवर से कम का खेल पूरा हुआ था। देश में क्रिकेट की संचालन संस्था के पास खराब मौसम के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए बीमा है।

## गाबा में फैंस ने पहने ऋषभ पंत के मुखौटे, ढोल की थाप पर नाचे

**ब्रिस्बेन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश से प्रभावित रहा। इस दौरान ऋषभ पंत के फैंस गाबा के मैदान पर डटे रहे। फैंस भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज पंत के मुखौटे पहने देखे गया। वह उनके नाम के नारे लगा रहे थे तो कई ढोल की थाम पर नाचते हुए भी दिखे। गाबा का नाम वैसे भी अक्सर पंत के साथ जोड़ा जाता है। 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पंत ने यहां इतिहास रच दिया था। इस स्थल पर वापस आने के बारे में बात करते हुए पंत ने बीते दिनों कहा था कि वह यहां आकर बहुत खुश थे और सकारात्मक ऊर्जा से भरे हुए थे क्योंकि इस स्थल ने उन्हें कुछ शानदार यादें दीं। प्रशंसकों ने पंत का गर्मजोशी से स्वागत किया और 'वी लव यू ऋषभ पंत' के नारे लगाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैदान पर पंत ने अपने टेस्ट करियर की सबसे शानदार पारी खेली थी। टीम इंडिया को 407 रन का लक्ष्य मिला था। तब शुभमन ने ओपनिंग करते हुए 91 रन बनाए। इसके बाद पंत ने पारी को संभाला और 118 गेंदों पर 97 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली अपनी टीम को सीरीज में बढ़त दिला दी।

## मोहम्मद नबी-राशिद का जलवा, अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे से टी20 सीरीज जीती

**हरारे ।** हरारे स्पोर्ट्स क्लब में तीसरे टी20 मैच में अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को 3 विकेट से हरा दिया। मेहमान टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज भी 2-1 से जीत ली। जिम्बाब्वे ने पहला टी20 मैच 4 विकेट से जीता लेकिन राशिद खान एंड कंपनी ने शानदार वापसी की और अगले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। ब्रायन बेनेट ने एक बार फिर से छोर संभाला और 24 गेंदों पर 31 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। डियोन मायर्स ने 13 तो माधेवेरे ने 22 गेंदों पर 21 रन बनाए। जिम्बाब्वे का मध्यक्रम चल नहीं पाया। कप्तान सिकंदर रजा 6 तो फराज अकरम 6 ही रन बना पाए। अंत में मुसेकिवा ने 12 तो मसाकाद्जा ने 17 रन बनाकर स्कोर 127 तक पहुंचाया। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान शानदार रहे। उन्होंने 27 रन देकर 4 विकेट लिए। इसी तरह अजमतुल्लाह ने 10 रन देकर 2, मुजीब ने 20 रन देकर 2 तो नवीन ने 27 रन देकर 2 विकेट लीं।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान को गुरबाज ने अच्छी शुरूआत देने की कोशिश की लेकिन अटल 3, अकबरी 2 और रसूली 9 का जल्द ही विकेट गिर गया। गुरबाज भी केवल 15 ही रन बना पाए। मध्यक्रम में उमरजजई ने 37 गेंदों पर 34 तो गुलबद्दीन नैब ने 22 गेंदों पर 22 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया। अंत में मोहम्मद नबी क्रीज पर डट गए। उन्होंने 18 गेंदों पर 24 रन बनाए और टीम को 20वें ओवर में 3 विकेट से जीत दिला दी। जिम्बाब्वे के लिए मुजारबानी ने 2, ग्वांडू ने 2 तो सिकंदर रजा ने 2 विकेट लीं।

## ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने की वेंकट दत्ता साई से सगाई




**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने वेंकट दत्ता साई से सगाई कर ली। वह 22 दिसंबर को झीलों के शहर कहे जाने वाले उदयपुर में शादी रचाएंगी। सिंधू ने अपनी सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। बैडमिंटन खिलाड़ी के होने वाले पति वेंकट दत्ता साई पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजी में कार्यकारी निदेशक हैं। वेंकट ने फाउंडेशन ऑफ लिबरल एंड मैनेजमेंट एजुकेशन से लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज/लिबरल स्टडीज से डिप्लोमा किया है। उन्होंने 2018 में फ्लेम यूनिवर्सिटी बैचलर ऑफ बिजनेस एडिमिनिस्ट्रेशन से बीबीए अकाउंटिंग एंड फाइनेंस पूरा किया और फिर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, बंगलूरू से डेटा साइंस एंड मशीन लर्निंग में मास्टर डिग्री हासिल की। वेंकट के लिंक्डिन प्रोफाइल के मुताबिक, वह छ्स्ड्ड के साथ समर इंटर्न के साथ-साथ इन हाउस कंसल्टेंट के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने अपने प्रोफाइल में यह भी बताया है कि वह आईपीएल टीम को भी मैनेज कर चुके हैं। उन्होंने 2019 में सोर एप्पल एसेट मैनेजमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया है।

# न्यूजीलैंड नौ विकेट पर 315

एजेंसी

**हैमिल्टन।** अपना अंतिम टेस्ट खेल रहे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के शुरुआती दिन बल्ले से तेज प्रदर्शन किया। मजबूत शुरुआत करने के बाद, न्यूजीलैंड यहां केवल दो विकेट शेष रहते हुए 272 रन पर लड़खड़ा रहा था कि तभी टिम साउदी ने उसे रोक लिया। उन्होंने मात्र 10 गेंदों में 23 रन बना दिये जिसकी बदौलत कीवी टीम को 300 रन का आंकड़ा पार करने में मदद मिली। साउदी की संक्षिप्त मगर धुआंधार पारी में एक चौका और तीन छक्के शामिल थे।

मिशेल सेंटनर के अर्धशतक की बदौलत मेजबान टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के समय नौ विकेट पर 315 रन बना लिये थे। गौरतलब है कि 106 टेस्ट मैचों में 309 विकेट ले चुके साउदी ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद सन्यास की घोषणा की थी।मेजबान



टीम के लिए टॉम लैथम (63) और विल यंग (42) ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की और न्यूजीलैंड की टीम एक बड़ा स्कोर बनाने की ओर अग्रसर थी। इस बीच गस एटकिंसन ने इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। कुछ ही समय बाद, लैथम विकेटकीपर ओली पोप से एक विकेट पीछे मैथ्यू पॉट्स के हाथों लपके गये। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद मौजूदा सीरीज में वापसी करने वाले केन विलियमसन ने 87 गेंदों में 44 रनों की अच्छी पारी खेली। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान को एक सहज लेंथ गेंद पर आउट कर दिया गया।

इंग्लैंड के लिए, एटकिंसन और पॉट्स ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि ब्रायडन कार्स ने दो बार और कप्तान बेन स्टोक्स ने मैट हेनरी को आउट किया। क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में जीत के बाद 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद मेहमान टीम पहले ही टेस्ट सीरीज़ जीत चुकी है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में पांचवें और छठे स्थान पर मौजूद दोनों टीमें लॉर्ड्स में अगले साल होने वाले फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन, वोक्स की जगह मैथ्यू पॉट्स टीम में शामिल

एजेंसी

**हैमिल्टन।** इंग्लैंड ने सेडॉन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। टीम में क्रिस वोक्स की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया है।

कप्तान बेन स्टोक्स ने संवाददाताओं से कहा कि इंग्लैंड हैमिल्टन में तीसरी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपने लाइन-अप में एक बदलाव किया गया है, जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह वापस बुलाया गया है। इसका मतलब है कि ओली पोप कीपर की भूमिका में बने रहेंगे। इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरुआती दो मैच जीत लिया है और अब उनका प्रयास क्लीन स्वीप करने का है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने अपनी एकादश का खुलासा नहीं किया है, कप्तान ने सुझाव दिया कि वह यह घोषणा करने से पहले शनिवार की सुबह तक इंतजार करेंगे, जिससे यह अभी अधर में है कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। साउथी तीन तेज गेंदबाजी स्थानों के लिए अपने साथी तेज गेंदबाज विल ओरूर्के, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी के साथ प्रतिस्पर्धा में हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के पास श्रृंखला में अपनी पहली उपस्थिति के लिए लाइन-अप में लौटने का मौका है।

इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवनः जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप, बेन स्टोक्स (कप्तान), गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, ब्रायडन कार्स, शोएब बशीर।

न्यूजीलैंड की संभावित एकादशः टॉम लैथम (कप्तान), विल यंग, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, मैट हेनरी, टिम साउथी, विल ओ'रूर्के।

## गुलबदीन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगा

एजेंसी

**मुबंई।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 मैचों की श्रखंला के पहले मैच में भारतीय महिला टीम रविवार को यहां भिड़ेगी। नवी मुंबई में डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में सीरीज के अन्य दो मैच भी शाम सात बजे से खेले जायेंगे। नवी मुंबई में ही भारतीय महिलाओं ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से सीरीज गंवाने से की थी हालांकि बाद में उसने मेजबान बांग्लादेश पर 5-0 की सफलता हासिल की। हरमनप्रीत कौर भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी जारी रखेंगी, जबकि अनुभवी खिलाड़ी स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका ठाकुर और दीप्ति शर्मा भी टीम में शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को टीम से बाहर कर दिया गया है। बल्लेबाज नंदिनी कश्यप और तेज गेंदबाज राघवी बिष्ट को वेस्टइंडीज सीरीज के लिए पहली बार भारत की महिला टी20 टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज की कमान हेले मैथ्यूज संभालेंगी, जबकि अनुभवी



ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन भी टीम का हिस्सा हैं। टी20 रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज मेहमान टीम को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब तक खेले गये 21 मुकाबलों में 13 में जीत हासिल की है जबकि वेस्टइंडीज ने आठ मैच जीते हैं।

## भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की, बारिश से पहले ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट गवाये 28 रन बनाये

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में लगातार बारिश ने ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच तीसरे टेस्ट के पहले दिन के खेल में व्यवधान खड़ा कर दिया और मौसम खराब होने के कारण केवल 13.2 ओवर ही डाले गये। भारत द्वारा टॉस जीतने के बाद बल्लेबाजी के लिए भेजी गई ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा (47 गेंदों पर 19 रन) और नाथन मैकस्वीनी (33 गेंदों पर 4 रन) की बदौलत बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पहले गेंदबाजी करने के अपने फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि बादल छाए हुए थे और पिच पर घास और नरमी थी।

रोहित ने कहा, हम परिस्थितियों का सर्वश्रेष्ठ फायदा उठाना चाहते हैं। यह हमारे लिए एक बड़ा खेल है और हम महत्वपूर्ण क्षणों को कैप्चर करने के महत्व को समझते हैं।÷ भारत ने अपनी प्लेइंग इलेवन में रविचंद्रन अश्विन और हर्षित राणा की जगह रवींद्र जडेजा और आकाश दीप को दो बदलाव के साथ टीम में शामिल किया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस हारने पर माना की कि अगर वह टॉस





जीतते तो पहले गेंदबाजी करते, लेकिन उन्होंने अपनी टीम की तैयारी पर पूरा भरोसा जताया। कमिंस ने कहा, अब तक यह एक शानदार सीरीज रही है। एडिलेड में जल्दी खत्म होने से हमें यहां जमने का मौका मिला। हमने एक बदलाव के साथ स्कॉट बोलैंड की जगह जोश हेजलवुड को टीम में शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाजों ने अच्छी शुरुआत की। मोहम्मद सिराज और आकाश दीप ने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाजों पर रन बनाने में पूरा अंकुश लगाया। सिराज को मूवमेंट मिल रही थी जिससे ख्वाजा को बल्लेबाजी करने में परेशानी हुई, जबकि आकाश ने अपने 3.2 ओवरों में सिर्फ दो रन दिये। हालांकि, मौसम का मिजाज बिगडने से लंच ब्रेक से कुछ समय पहले तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर इमाद, आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

एजेंसी

**कराची ।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। दोनों खिलाड़ियों ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान के लिए खेला था।ऑलराउंडर इमाद ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अपने करियर के दौरान इमाद ने 1540 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और 117 अंतराष्ट्रीय विकेट लिए। उन्होंने 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर पाकिस्तान के उप-कप्तान के तौर पर खेला था। आमिर भी उस विजेता टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिन्होंने भारत के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आमिर ने 159 मैचों में पाकिस्तान के लिए सभी प्रारूपों में 271 विकेट लिए।

इमाद ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर संन्यास की घोषणा की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान ने इमाद और आमिर दोनों के संन्यास की पुष्टि की।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को दिए बयान में इमाद वसीम ने कहा, अपने देश का प्रतिनिधित्व करना और एक बड़े सपने को पूरा करना एक शानदार सफर रहा है। मैं इन वर्षों में मेरा और टीम का समर्थन करने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं पीसीबी को हर कदम पर उनके समर्थन के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूँ और मैं राष्ट्रीय टीम की शानदार सफलता की कामना करता हूँ और मैदान के दूसरी तरफ से पाकिस्तान क्रिकेट का समर्थन करने के लिए उत्सुक हूँ। आमिर ने एक्स पर लिखा, सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी आसान नहीं होते लेकिन ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं।आमिर ने कहा, पाकिस्तान के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे पता है कि यह एक कठिन निर्णय है, लेकिन मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए यह सही समय है कि वे कमान संभालें और पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएँ। मैं पीसीबी को वर्षों से हमेशा आवश्यक समर्थन देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ और मैं टीम को बेहतर प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूँ।

गौरतलब है कि इमाद और आमिर दोनों ने पहले क्रमशः 2023 और 2021 में संन्यास की घोषणा की थी, लेकिन जून 2024 में टी20 विश्व कप के लिए पीसीबी द्वारा उनकी सेवाएं मांगे जाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया।

## गस एटकिंसन ने मचाया तहलका, बुमराह, एम्ब्रोस को पीछे छोड़ा

एजेंसी

**हैमिल्टन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान विशेष रिकॉर्ड बना दिया। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के शुरुआती दिन एटकिंसन ने 3 विकेट लेने के साथ ही अब साल 2024 में 51 विकेट पूरे कर लिए हैं। 1981 में ऑस्ट्रेलिया के टेरी एल्डरमैन ने अपने पहले ही साल में 54 टेस्ट विकेट लिए थे। उम्मीद है कि इस टेस्ट में एटकिंसन इस रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। एटकिंसन ने इस उपलब्धि में कर्टली एम्ब्रोस (49 टेस्ट विकेट, 1988) और जसप्रीत बुमराह (48 टेस्ट विकेट, 2018) को पीछे छोड़ दिया। एटकिंसन से पहले एक कैलेंडर वर्ष में 50 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले आखिरी इंग्लिश गेंदबाज प्रतिष्ठित जेम्स एंडरसन थे, जिन्होंने 2017 में 55 विकेट लिए थे। सेडॉन पार्क में हैमिल्टन टेस्ट के पहले दिन कप्तान




टॉम लैथम (63) और यंग (42) ने टीम को अच्छी शुरुआत दी।

## 'सिटी ऑफ जॉय' रहे कोलकाता में मोहम्मडन एससी से भिड़ेगी मुम्बई सिटी

एजेंसी

**कोलकाता।** किशोर भारती क्रीड़ांगन मोहम्मडन एससी और मुम्बई सिटी एफसी के बीच पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले की मेजबानी करेगा। मुंबई ने आईएसएल 2024-25 के आगामी मुकाबले में उतरने से पहले नए प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले चार मैच जीतकर फॉर्म दिखाई है। कोलकाता में खेले अपने नौ मैचों में से केवल एक बार हारने वाली मुम्बई सिटी एफसी 10 मैचों में तीन जीत, पांच ड्रा और दो हार से 14 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। दूसरी ओर, ब्लैक पैंथर्स अभी भी घरेलू मैदान पर पहली जीत की तलाश में हैं, वे अपने पांच घरेलू मुकाबलों में चार हारे हैं और एक ड्रा खेले हैं। मोहम्मडन स्पोर्टिंग 10 मैचों में एक जीत, दो ड्रा और सात हार से पांच अंक लेकर 13 टीमों तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। मुम्बई सिटी एफसी कोलकाता में अपने पिछले नौ आईएसएल मैचों में छह बार जीती, दो ड्रा खेले हैं और केवल एक बार हारी




है। उसे एकमात्र हार 15 अप्रैल, 2024 को मोहन बागान सुपर जायंट के हाथों (1-2) मिली थी। मुम्बई ने इस सीजन में प्रति मैच सबसे कम शॉट का सामना किया है (प्रति मैच तीन), लेकिन इस दौरान बचाव प्रतिशत केवल 58.1त्न है, जो लीग में दूसरा सबसे कम है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग अपने पिछले तीन लगातार घरेलू मुकाबलों में हारी है, जो आईएसएल में (हैदराबाद एफसी के साथ) घर में हारने का सबसे लंबा सक्रिय सिलसिला है। मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच आंद्रेई चेर्निशोव अपने खिलाड़ियों के साथ अच्छी ट्रेनिंग करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए, खिलाड़ियों के साथ मैदान पर काम करना, उन्हें अच्छे से ट्रेनिंग देना, उन्हें मैचों के लिए तैयार करना बहुत महत्वपूर्ण है। मुम्बई सिटी एफसी के चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी को भरोसा है कि आइलैंडर्स जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेंगे। उन्होंने हम इस सीजन में अच्छा काम कर रहे हैं। हमें केवल विश्वास बनाए रखने की जरूरत है। जैसे-जैसे हम गोल करेंगे, आत्मविश्वास बढ़ता जाएगा। मुझे लगता है कि हम उस दहलीज पर हैं जहां यह जल्द ही होने वाला है।बता दें कि आईएसएल में ये दोनों टीमें में पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगी।

## मोहम्मद इरफान का भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।**पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने भी आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 7 फीट लंबे इरफान ने पाकिस्तान के लिए 60 वनडे मुकाबले खेले हैं। उनका वनडे डैब्यू सितंबर 2010 में इंग्लैंड के खिलफ हुआ था। वह पहली बार भारत के सामने दिसंबर 2012 में टी20 मुकाबला खेले थे। उन्हें टेस्ट में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डैब्यू करने का मौका मिला। उन्होंने संन्यास लेने की घोषणा एक्स पर पोस्ट डालकर की। उन्होंने लिखा- मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने साथियों, कोचों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं, आपके प्यार, उत्साहवर्धन और अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद। और मैं उस खेल का समर्थन करना और जश्न मनाना जारी रखूंगा जिसने मुझे सबकुछ दिया है। पाकिस्तान जिंदाबाद। इससे पहले पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की। आमिर ने एक्स पर लिखा- सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी भी आसान नहीं होते हैं लेकिन अपरिहार्य हैं। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए कमान संभालने और पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का यह सही समय है! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा। मैं ईमानदारी से पीसीबी, अपने परिवार और दोस्तों और सबसे बढ़कर, अपने प्रशंसकों को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

## सीएवीए मध्य एशिया में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने के लिए करेगा नेशंस कप का आयोजन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन (सीएवीए) ने बेसलाइन वेंचर्स के साथ मिलकर मध्य एशियाई क्षेत्र में वॉलीबॉल के खेल को बढ़ावा देने के लिए नेशंस कप टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा की। इस टूर्नामेंट में मध्य एशिया की शीर्ष टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। सीएवीए एशियाई वॉलीबॉल परिसंघ (एवीसी) का सहायक क्षेत्रीय संघ है और यह क्षेत्र में इनडोर, बीच, ग्रास और स्नो वॉलीबॉल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए मध्य एशिया और दक्षिण एशिया में अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ (एफआईवीबी) और एवीसी का प्रतिनिधित्व करता है। मध्य एशियाई वॉलीबॉल संघ (सीएवीए) अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान से संबद्ध है। सीएवीए के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए




कहा, हम बेसलाइन वेंचर्स के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जो भारत में बेहद लोकप्रिय प्राइम वॉलीबॉल लीग के पीछे दिमाग की उपज रहे हैं। हम बेसलाइन के साथ सीएवीए नेशंस कप पर काम करने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि हमने पिछले एशियाई खेलों के दौरान भारत के शानदार प्रदर्शन को देखा था जो प्राइम वॉलीबॉल लीग की सफलता का प्रत्यक्ष परिणाम था।

सीएवीए नेशंस कप में भाग लेने वाले टीमों की संख्या, योग्यता मानदंड, आयोजन स्थल और उद्घाटन संस्करण की तिथियों के बारे में अभी अंतिम रूप से जानकारी नहीं दी गई है। इस अभूतपूर्व साझेदारी को लेकर बेसलाइन वेंचर्स के सह-संस्थापक और एमडी, तुहिन मिश्रा ने कहा, हमें सीएवीए नेशंस कप पर सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन के साथ सहयोग करने पर गर्व है, जो मध्य एशिया में वॉलीबॉल के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने का वादा करता है। यह टूर्नामेंट न केवल क्षेत्र की प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा, बल्कि खिलाड़ियों को एफआईवीबी रैंकिंग पॉइंट के लिए प्रतिस्पर्धा करने का एक मंच भी प्रदान करेगा।पिछले तीन वर्षों में प्राइम वॉलीबॉल लीग के सफल विस्तार के साथ भारत में वॉलीबॉल में भारी उछाल आया है।

# बस्तर ओलम्पिक का हुआ विधिवत शुभारंभ

एजेंसी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में बस्तर ओलम्पिक-2024 के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में विधिवत शुभारंभ हुआ।राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ओलंपिक का उदघाटन करते हुए समूचे बस्तर संभाग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने प्रतियोगिता शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस्तर के युवाओं ने इतनी बड़ी संख्या में स्पर्धा में भाग लेकर इस महत्ती आयोजन का प्रतिभागी बने। सरकार बस्तर के युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल कर विकास में सहभागी बनाने के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। यही वजह है कि बस्तर के युवा लोकतंत्र के विकास के मार्ग में आगे आकर भूमिका निभा रहे हैं। बस्तर ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के विजेता विकास के मॉडल होगें। बस्तर की गांव-गांव में विकास की धारा पहुंचे, इस दिशा में सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, जिससे आने वाले दिनों में बस्तर में चहुंओर शांति और विकास की बयार बहेगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है और इस धरा का समग्र विकास करने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। बस्तर ओलम्पिक यहां के युवाओं को खेल की दृष्टि से आगे बढ़ाए जाने की पहल के साथ उन्हें विकास में सहभागिता निभाने प्रोत्साहित करना है। बस्तर में खेल के अधोसंरचना को और बेहतर किया जाएगा, ताकि खिलाडियों को उचित मंच दिया जा सके। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जितना सिखाता है हार से भी हमको अच्छा करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जिंदगी की असली उड़ान का यही समय है, इसी मौके पर युवा अपने हर सपने को साकार कर सकते हैं। बस्तर ओलम्पिक युवाओं को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने का सकारात्मक प्रयास है। भविष्य में इस दिशा में और बेहतर पहल किया जाएगा खेल एवं युवा कल्याण संचालक तनुजा सलाम ने स्वागत उद्बोधन में अवगत कराया कि बस्तर ओलम्पिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर एवं बस्तर जिले के साथ ही नुवा बाट के करीब तीन हजार खिलाड़ी हिस्सा ले रहें है। बस्तर के लिए गौरव का क्षण होने के साथ ही बस्तर के सुनहरे भविष्य के लिए सरकार का बहुत ही अच्छा निर्णय है। इस बस्तर ओलम्पिक में तीन स्तर की स्पर्धा से के जरिये बस्तर प्रतिभाओं को एक मंच दिया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता मे एक लाख 65 हजार के पंजीयन करवाया ये परिवर्तन की बयार है।आरंभ में खिलाड़ियों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर आतिशबाजी की गई। वहीं रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत माता रूक्मणी कन्या आश्रम तथा अन्य विद्यालयों की छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर किरण देव, महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधी और सचिव गृह हिमशिखर गुप्ता, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, जीएसटी कमिश्नर रजत बंसल, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, सातों जिलों के नोडल अधिकारी, खेल अधिकारी, खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में खेलप्रेमी गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।




## यूपीः शीतकालीन सत्र होगा हंगामेदार

### सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का होता है समाधानः सीएम योगी

**सर्वदलीय बैठक**

**विधानसभा अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में सीएम योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा।

**सदन के संचालन में न हो कोई बाधा, सभी रखें इसका ध्यान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करने चाहिए।

**यह रहे सर्वदलीय बैठक में उपस्थित**

इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा मोना, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज कुंभ विश्व का सबसे बड़ा मेलाः तोगड़िया



**टीम एक्शन इंडिया**
**कौशांबीः कानपुर** से प्रयागराज कुंभ जा रहे अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद नेता प्रवीण तोगड़िया ने सैनी कस्बे में रुककर कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। मीडिया से बात कर उन्होंने कुभ में आगंतुक यात्रियों को चाय वितरण करने, कम्बल वितरण एवं भंडारे चलाने का आवाहन किया है। इसके अलावा प्रवीण तोगड़िया ने कुंभ को विश्व का सबसे बड़ा मेला बताया। जहां एक साथ 30 से 40 करोड़ लोग आते है।
अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद नेता प्रवीण तोगड़िया ने बताया, महाकुंभ प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद कैंप लगाकर यात्रियों को भारी मात्रा में चाय कंबल एवं भंडारे का वितरण कर सेवा करेगा।
प्रवीण तोगड़िया ने 46 साल बाद संभल मे मंदिर खुलने पर कहा कि अच्छी बात है, सभी मंदिरो को खुलना चाहिए और पूजा होना चाहिए। मंदिर इतने दिन बंद रहा ये दुःख की बात है। अब मंदिर खुल गया है। ये खुशी की बात है। प्रवीण तोगड़िया ने एक देश एक चुनाव पर कहा कि प्रपोजल आने दीजिये लोग क्या कहते है फिर हम भी कहेंगे।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम : योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की। उन्होंने सरदार



**एकीकरण**

**बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनायाः सीएम योगी**

वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया। उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता। उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है, वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए।

**फास्ट न्यूज**

### हरिद्वार नगर निगम के 60 में से 34 वार्ड आरक्षित

**हरिद्वारः हरिद्वार** नगर निगम मेयर सीट ओबीसी महिला के लिए आरक्षित होने के बाद हरिद्वार नगर निगम के 60 वार्डों के आरक्षण की सूची भी सामने आ गई है।हरिद्वार निगम के आधे से अधिक वार्ड महिला, अनूसूचित जाति ओबीसी के लिए आरक्षित घोषित किए गए हैं। कुल 60 में से केवल 26 वार्ड ही अनारक्षित रखे गए हैं। ज्यादातर वार्डों में बदलाव किया गया है। इससे भी कई दावेदारों के अरमानों पर पानी फिर गया है। एक ही वार्ड से लगातार चुनते आ रहे पार्षदों का मूड भी आरक्षण सूची ने खराब कर दिया है। ऐसे अनेक वार्डों से इस बार महिलाएं चुनकर निगम में पहुंचेंगी जहां पिछले काफी समय से पुरुष पार्षद चुनते आ रहे थे। इसके अलावा कई महिला आरक्षित वार्ड इस बार अनारक्षित घोषित किए गए हैं। सप्तऋषि सीट अनारक्षित, भोपतपाला सीट महिला, दुर्गानगर सीट अनारक्षित, खडखडी अनारक्षित, श्रीगंगाधर महादेव नगर अनारक्षित,भीमगोड़ा अनारक्षित, हरकी पैड़ी महिला, गऊघाट अनारक्षित, ब्रहमपुरी अनारक्षित, बिल्केश्वर अनुसूचित जाति, श्रवणनाथनगर अनारक्षित, निर्मला छावनी अनारक्षित, मायापुर महिला, ऋषिकुल अनारक्षित, विवेक विहार अनारक्षित, शिवलोक महिला, तिबड़ी अनुसूचित जाति महिला, गोबिन्दपुरी महिला, खन्नानगर महिला, आवास विकास अनारक्षित, शारदा नगर महिला, आर्यनगर महिला, रामनगर महिला सीट।

## शीतलहर की चपेट में मध्य प्रदेश, एक डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपालः उत्तर** भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बीते चार दिनों से पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। शनिवार को प्रदेश के आधे हिस्से में सर्द हवाएं चलीं। शनिवार-रविवार की रात अमरकंटक और पचमढ़ी में पारा एक डिग्री पर पहुंच गया। वहीं, मौसम विभाग ने रविवार को भोपाल, इंदौर समेत 36 जिलों में शीतलहर और कोल्ड डे का अलर्ट है। मैकल पहाड़ी पर घने जंगल और ऊंचाई पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य स्थल अमरकंटक में एक बार फिर तापमान गिरने से यहां ओंस की बूंदे बर्फ में तब्दील हो गईं। इसी तरह अनूपपुर में रविवार की सुबह सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। वहीं, प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा एक डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। शनिवार-रविवार की रात में यहां रिकॉर्ड ठंड पड़ी। उमरिया में 2.3 डिग्री और मंडला में 2.5 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन-राजगढ़ में 3.8 डिग्री रहा। नौगांव, मलाजखंड, रीवा, खजुराहो, सतना, टीकमगढ़ में तापमान 6 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया।



उपराष्ट्रपति धनखड़ का ग्वालियर विमानतल पर हुआ आत्मीय स्वागत।

## विकसित राजस्थान के सपने को करेंगे शत-प्रतिशत पूरा : सीएम



**टीन एक्शन इंडिया**
**जयपुरः मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि बंशीवाले गिरिराज महाराज के आशीर्वाद से हम विकसित राजस्थान के सपने को शत प्रतिशत पूरा करेंगे और प्रदेश समृद्धि की राह पर निरंतर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि पूंछरी का लौठा और गोवर्धन परिक्रमा का विकास कार्य इस पावन धाम की आध्यात्मिक खूबसूरती में इजाफा करते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करेगा। शर्मा रविवार को डीग में पूंछरी का लौठा एवं गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में एक तरफ हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण भी हो

**प्रतिबद्ध**

**हम विकसित राजस्थान के सपने को शत प्रतिशत पूरा करेंगे और प्रदेश समृद्धि की राह पर निरंतर अग्रसर**

रहा है। हम प्रदेश में सड़कों और नए एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने के अपने संकल्प पर निरंतर काम कर रहे हैं जिसका फायदा श्रद्धालुओं को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिराज परिक्रमा करने के लिए यहां देश-विदेश से हर साल करीब दो करोड़ श्रद्धालु आते हैं। आज 21 किलोमीटर की यह परिक्रमा बहुत से भारतीय परिवारों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई है।

## प्रयागराज पूरी तरह हो जाएगा लेवल रेल क्रासिंग से मुक्त

### ट्रेनों के सुरक्षित और सुगम परिचालन के साथ शहरवासियों को मिलेगा ट्रैफिक जाम से छुटकारा

**सुविधाएं**

**प्रयागराज शहर और आस-पास के लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंग पर बन रहे हैं आरओबी और आरयूबी**



टीम एक्शन इंडिया
महाकुम्भनगर। महाकुम्भ 2025 के आयोजन को लेकर प्रयागराज में तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। एक ओर त्रिवेणी संगम के तट पर महाकुम्भ नगरी ने आकार लेना शुरू कर दिया है। साधु-संन्यासी, अखाड़े लाव लश्कर के साथ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने लगे हैं। वही दूसरी ओर प्रयागराज शहर भी महाकुम्भ में आने वाले करोड़ श्रद्धालुओं के लिए तैयार है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे ने राज्य सेतु निगम के साथ मिलकर प्रयागराजवासियों को बड़ी सौगत दी है। महाकुम्भ के पहले प्रयागराज शहर पूरी तरह से लेवल रेल क्रांसिग से मुक्त हो जाएगा। इससे ट्रेनों के परिचालन में सुविधा और दुर्घटनाओं में तो कमी होगी ही साथ ही शहरवासियों को घंटों के जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। प्रयागराज की लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंग पर आरओबी या आरयूबी बन कर तैयार हैं, जिन पर महाकुम्भ के पहले आवगमन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। महाकुम्भ का प्रयागराज में आयोजन न केवल शहरवासियों के लिए गौरव और सम्मान का विषय होता है, साथ ही ये आयोजन उन्हें कई तरह की सौगात भी दे जाता है। महाकुम्भ की तैयारियों के चलते शहर में कई तरह के स्थाई और अस्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं जो महाकुम्भ के बाद भी शहरवासियों की सुविधाओं में इजाफा करेगें।

## दवाइयों के साथ अब हरियाली भी !

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती की अपील पर जनपद में एक नई और सराहनीय पहल शुरू हुई है। मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपने स्टोर्स के बाहर पेड़ लगाने की शुरूआत की है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने हरिद्वार जिले में मेडिकल स्टोर संचालकों को अपने स्टोर्स के बाहर पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि हर व्यक्ति के लिए अत्यंत



आवश्यक हैं। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे अपने आसपास हरियाली बनाए रखें। अनीता भारती के इस संदेश का सकारात्मक असर हुआ है, और अब जिले भर में मेडिकल स्टोर संचालक अपने स्टोर्स के बाहर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। इस पहल के तहत ड्रग इंस्पेक्टर समय-समय पर संचालकों के साथ बैठकें करती हैं।

## देहरादून में अवैध खनन पर शिकंजा कसा, सख्त कार्रवाई के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून। जिला**धिकारी सविन बसंल ने जिले में अवैध खनन और खनिज पदार्थों की ओवरलोडिंग को रोकने के लिए उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि ये पर्यावरण और सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को इन मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और जनता से अपील की कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें। प्रशासन पर्यावरण की सुरक्षा और कानून के पालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सख्त कार्रवाई और निगरानी की व्यवस्थाजिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अवैध खनन के हॉटस्पॉट्स की पहचान करें और इन क्षेत्रों में नियमित छापेमारी और निगरानी की व्यवस्था करें। इसके अलावा, उन्होंने खनन गतिविधियों की जीपीएस आधारित निगरानी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन वाहनों में क्षमता से अधिक खनिज परिवहन किया जा रहा है, उनके खिलाफ भारी अर्थदंड के साथ-साथ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

